

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



असीस कौर का नया ट्रैक आई डोंट गिव ए डैम एटीट्यूड ...8






दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 20 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 119 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


ANTF प्रमुखों के पहले सम्मेलन में बोले अमित शाह

## नशे के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है मोदी सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एंटी–नारकोटिक्स टास्क फोर्स के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रमुखों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नशे के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम 2047 तक एक नशा मुक्त भारत की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज आपको बताना चाहता हूं कि हम एक ऐसे मोड़ पर हैं कि हम नशे के खिलाफ लड़ाई जीत सकते हैं... जो लोग ड्रग्स का सेवन करते हैं वे पीड़ित हैं और जो उन्हें बेचते हैं वे अपराधी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमने च्ड मोदी के मार्गदर्शन में सबसे प्रमुख लक्ष्य तय किया है कि 2047 में हम ड्रग फ्री भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है...आज यहां अवैध खेती के पहचान के लिए एक ऐप को सार्वजनिक किया गया है। शाह ने साफ तौर पर कहा कि हमारे राजनीतिक मतभेदों को दूर रखते हुए सभी राज्य सरकारों और एजेंसियों को ड्रग के खतरे से लड़ने के लिए एक साथ आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों की जांच के दौरान हमें ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर के दृष्टिकोण को अपनाना होगा।




## मथुरा शाही ईदगाह–कृष्ण जन्मभूमि मामले में जिरह पूरी, 24 अप्रैल को हाई कोर्ट सुनाएगा फैसला

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह और कृष्ण जन्मभूमि विवाद में फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में कोर्ट 24 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट की प्रबंध समिचि और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड मथुरा मामले को श्रीकृष्ण विराजमान की ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद नमाजियों के लिए वजू और टॉयलेट की व्यवस्था कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन ने बैठक की। ज्ञानवापी पहुंचे डीएम एस राजलिंगम ने ज्ञानवापी परिसर का निरीक्षण किया और नमाज स्थल और वजू की वर्तमान व्यवस्था को देखा।



### मथुरा शाही ईदगाह–कृष्ण जन्मभूमि मामले में जिरह पूरी

*इलाहाबाद हाई कोर्ट में मथुरा शाही ईदगाह कृष्ण जन्मभूमि विवाद में फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट 24 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट की प्रबंध कमिटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, वादी–प्रति की तरफ से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। मथुरा अदालत में चल रहे मुकद्दमे की सुनवाई पर हाई कोर्ट ने पहले ही रोक लगाई थी। अब जस्टिस प्रकाश पाडिया ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट और अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है श्रीकृष्ण विराजमान की तरफ से सिविल जज की अदालत में सिविल मुकदमा दायर कर 1973 के फैसले को रद्द करने और 13.37 एकड़ कटरा केशव देव की जमीन को श्रीकृष्ण विराजमान के नाम घोषित किए जाने की मांग की गई।*

## अतीक–अशरफ हत्याकांड में बड़ा ऐक्शन

### 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड, हत्यारोपियों को कोर्ट ने चार दिन की पुलिस रिमांड में भेजा

प्रयागराज । गैंगस्टर– राजनेता अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में बुधवार को पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। ये सभी शाहगंज थाने में तैनात हैं। एमएलएन मेडिकल कॉलेज, जहां भाइयों को गोली मारी गई थी, इस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है। उमेश पाल हत्याकांड के दोनों आरोपी अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ को 16 अप्रैल को प्रयागराज में पत्रकार बनकर तीन लोगों ने गोली मार दी थी। सरकार ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में शाहगंज इंस्पेक्टर या थाना प्रभारी अश्विनी कुमार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। सनसनीखेज हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी ने कल शाहगंज इंस्पेक्टर समेत तमाम पुलिस कर्मियों से पूछताछ की थी जिसके बाद उसकी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। जिन चार अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें दो सब इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल शामिल हैं। यह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के तबादले के आदेश के एक दिन बाद आया है, जो शनिवार को अहमद बंधुओं की गोली मारकर हत्या के समय मौजूद थे। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के आरोपी लवलेश तिवारी, मोहित उर्फ सनी और अरुण कुमार मौर्य को बुधवार को मुख्य दंडाधिकारी (सीजेएम) डी.के. गौतम की अदालत में पेश किया गया। तीनों आरोपियों को सीजेएम कोर्ट ने चार दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में दिए जाने की मांग की थी।



## ममता बनर्जी बोलीं, अगर साबित हुआ कि मैंने टीएमसी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे को लेकर अमित शाह को फोन किया तो दे दूंगी इस्तीफा

कलकत्ता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिना नाम लिए नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को सीधी चुनौती दे डाली। दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया था कि जब चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा वापस ले लिया गया, उसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गृह मंत्री अमित शाह को 2024 के लोकसभा चुनाव तक तृणमूल की राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बनाए रखने के लिए फोन किया। उन्होंने दावा किया था कि ममता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चार बार फोन किया। इसकी को लेकर ममता ने अब पलटवार किया है। ममता ने कहा कि अगर साबित हुआ कि मैंने टीएमसी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे को लेकर अमित शाह को फोन किया तो इस्तीफा दे दूंगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मेरी पार्टी का नाम ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने खुद आरोपों को खारिज किया। उन्होंने सिर्फ खारिज ही नहीं किया, बल्कि चुनौती दी कि अगर साबित नहीं कर पाए तो इस्तीफा दे दो। ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी सत्ता में है, इसलिए जो चाहे करती है। लेकिन वे यह नहीं समझते कि सत्ता अस्थायी होती है, कुर्सी आ–जा सकती है लेकिन लोकतंत्र हमेशा कायम रहेगा। संविधान हमेशा के लिए जारी रहेगा, इसमें कुछ संशोधन हो सकते हैं। लेकिन इस संविधान को बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता है। इसलिए वे (भाजपा) आगामी 2024 का चुनाव नहीं जीतेंगे। मुकुल रॉय को लेकर उन्होंने कहा कि मुकुल रॉय बीजेपी विधायक हैं और यह पूरी तरह से उन पर निर्भर है। आपको उनके बेटे सुभ्रांशु से पूछना चाहिए जिन्होंने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है जो बहुत गंभीर है। लेकिन यह एक बहुत छोटा मुद्दा है, हमें परवाह नहीं है।



## केरल को पीएम मोदी की सौगात से खुश हुए शशि थरूर

### कहा- राजनीति से परे होना चाहिए विकास

तिरुवनंतपुरम । कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वो 25 अप्रैल को पीएम मोदी द्वारा की जाने वाली राज्य की पहली वंदे भारत ट्रेन के लॉन्च में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रगति राजनीति से परे होनी चाहिए। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी टैग किया और खुशी जताई कि वंदे भारत अब केरल पहुंच गया है। 2022 में थरूर ने केंद्र से राज्य को वंदे भारत देने का आग्रह किया। थरूर ने कहा कि खुश हूं कि अश्विनी वैष्णव ने ऐसा ही किया। केरल का पहला वंदे भारत कासरगोड से तिरुवनंतपुरम तक पूरे राज्य में 8 घंटे में 600 एलएम की दूरी तय करेगा। शशि थरूर ने 2022 में ट्वीट करते हुए कहा था कि वंदे भारत ट्रेनों को केरल में लाने से पिनाराई विजयन की विकास को बढ़ावा देने और भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में केरल कांग्रेस की चिंताओं को कम करने पर ध्यान देने की बात कही थी। हाल ही में पीएम मोदी ने राजस्थान में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा था कि मैं गहलोत जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। राजनीतिक खींचतान के इन दिनों में जब वह कई संकटों से गुजर रहे हैं, उन्होंने विकास कार्यों के लिए समय निकाला और एक रेलवे कार्यक्रम में भाग लिया। मैं उनका स्वागत करता हूं। पीएम मोदी ने कांग्रेस के गहलोत को शमित्रश कहकत भी संबोधित किया था। केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन का रूट अभी सामने आया है। ये ट्रेन तिरुवनंतपुरम से कासरगोड के बीच चलेगी। रास्ते में ये ट्रेन कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम टाउन, थ्रिसर, तिरूर, कोझिकोड स्टेशन पर रुकेगी। केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल 2023 को हरी झंडी दिखाकर तिरुवनंतपुरम से रवाना करेंगे। केरल वंदे भारत ट्रेन 501 किलोमीटर का सफर करेगी जो कुल 7.5 घंटे में पूरा होगा।



## रानी कमलापति पर नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के बयान पर बोले शिवराज, कांग्रेस में बड़ा नेता बनने के लिए होड़ लगी हुई

भोपाल। रानी कमलापति पर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के बयान पर सियासत गर्म हो गई है। डॉ. गोविंद सिंह ने भिंड में आंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के मंच से कहा था कि रानी कमलापति को कोई नहीं जानता, भाजपा ढूंढ़–ढूढ़ंकर नाम रख रही है। उनके इस बयान पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये अत्यंत शर्मनाक है कि रानी कमलापति के बारे में अपमानजनक बयान देने के बाद भी गोविंद सिंह माफी नहीं मांग रहे हैं। कमलनाथ जी भी गोविंद सिंह को समर्थन दे रहे हैं और कह रहे हैं कि बीजेपी फर्जी नाम ढूंढ के ला रही है। क्या टक्कर में आने का यही तरीका है? शिवराज सिंह ने कहा कि अब कांग्रेस में बड़ा नेता बनने के लिए होड़ लगी हुई है।




## दोनों चाहते हैं लेकिन गुण मेल नहीं खाते, महाराष्ट्र के मंत्री ने अजित पवार की बगावत पर दिया बड़ा बयान

मुंबई। चर्चा है कि एनसीपी नेता अजीत पवार पार्टी में बगावत करने जा रहे हैं। एक अखबार की रिपोर्ट के बाद राजनीतिक हलकों में इसको लेकर कई तरह की बहस छिड़ी। हालांकि बाद में अजित पवार ने सफाई देते हुए कहा कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। इस बीच मंत्री गुलाबराव पाटिल ने इस पर कमेंट किया है। एक निजी न्यूज चौनल से बात करते हुए उन्होंने इस पर टिप्पणी की है।

गुलाबराव पाटिल ने क्या कहा?: गुलाबराव पाटिल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह अभी भी करीब है। अंक भी मेल नहीं खाते। तो एक ब्राह्मण को पूछना होगा कि कौन सी पूजा करनी है। लेकिन समय आएगा चिंता मत करो। साथ ही, क्या सच में अजित पवार की बीजेपी में एंट्री की टाइमिंग है? अगर पूछा जाए तो यह समय जल्द ही आएगा। दोनों इसे चाहते हैं। लेकिन उन्होंने एक कठिन टिप्पणी भी की कि ब्राह्मण कहते हैं कि गुण संगत नहीं हैं। गुलाबराव पाटील ने कहा कि दोनों की इच्छा है। लेकिन कुंडली के कुछ गुण नहीं मिल रहे हैं।



### अजित पवार ने दी सफाई

इस बीच कल अजित पवार ने भी इस बारे में सफाई दी है। राष्ट्रवादी पार्टी की स्थापना स्वाभिमान से हुई थी। हम 10 जून 1999 से काम कर रहे हैं। हम आज भी काम कर रहे हैं और कल भी करते रहेंगे। जब तक हमारा जीवन है, हम पार्टी के लिए काम करते रहेंगे।ष साथ ही "खबरों को तोड़ा–मरोड़ा गया है। जब इस तरह की चर्चा शुरू होती है तो आसपास के कार्यकर्ता परेशान हो जाते हैं। असमंजस में पड़ जाता है। लेकिन, इसमें कोई सच्चाई नहीं है।






## दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का किया पर्दाफाश

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने एक 28 वर्षीय व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच ने दावा किया है कि गाड़ी से उन्हें उच्च गुणवत्ता वाला मारिजुआना (गांजा) मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक ड्रग्स की ये खेप टोयोटा कोरोला से लाई जा रही थी। पुलिस की टीम के अनुसार बरामद किया गया गांजा लगभग 52 किलोग्राम है। इसकी कीमत लाखों रुपये बताई गई है। वहीं आरोपी युवक की पहचान बिहार स्थित भोजपुर निवासी नीरज कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक गांजा की खेप की डिलीवरी को लेकर टीम को सूचना मिली थी, जिसमें सामने आया था कि गांजा टोयोटा गाड़ी में ले जाया जाएगा। इस दौरान क्राइम ब्रांच के विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि टीम ने व्यापक निगरानी की और संदिग्ध की सूचना जुटाई। संदिग्ध के ओडिशा से दिल्ली जाने के मार्ग को चाक चौबंद किया गया था। पुलिस की टीम को जानकारी मिली थी कि आरोपी नियमित रूप से इस तरह का आना जाना करता है। मगर संदिग्ध कारों की पंजीकरण संख्या की जानकारी नहीं मिली थी। इसके बाद कई सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी पर नजर रखी गई और उसकी निगरानी की गई। जानकारी के मुताबिक खेप को भलस्वा पहुंचा था, जिसके बाद पुलिस ने इसकी कड़ी निगरानी की। गाड़ी की जानकारी मिलने और रूट कंफर्म होने के बाद पुलिस की टीम ने गाड़ी का पीछा किया और भलस्वा झील के पास सर्विस रोड पर इस गाड़ी को रोककर चालक को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने जब गाड़ी की पड़ताल की तो काफी संदिग्ध सामान उसमें मिला। पुलिस ने पाया कि गाड़ी की डिक्की सामान्य से छोटी थी। इस डिक्की में सीक्रेट जगह बना गई थी, जिसे पेंच से फिक्स किया गया था। इसे खासतौर से गांजा छिपाने के लिए बनाया गया था। माना जा रहा है कि ये गांजा दिल्ली में अलग अलग जगहों पर सप्लाई किया जाना था।



# शहर के बाशिंदों की कसौटी पर अभी तक खरा नही उतरा किसी दल का जनप्रतिनिधि

## चुनाव में विकास की कसौटी पर नुमाइंदे को परखेंगे मतदाता

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगर निकाय चुनाव की बिगुल बजते ही पांच साल बाद शहर में एक बार फिर चुनावी वादों की बाढ़ आ गई है। पार्टी प्रत्याशियों द्वारा अपने–अपने पक्ष में वोट करने के लिए हर हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।कोई विकास की गंगा बहाने की बात कर रहा है तो कोई धरती पर स्वर्ग उतारने की तैयारी में जुटा है।लेकिन इस बार मतदाता उनके बहकावे में नही आने वाले हैं।मतदाताओं का कहना है कि अब की नगर निकाय चुनाव में हम वोट उन्हीं नुमाइंदे को करेंगे जो विकास की कसौटी पर खरा उतरेगा,नगर के मतदाता पूरी तरह से इस चुनाव में सजग हैं। उनका आरोप है कि उतरौला को नगर पालिका का दर्जा करीब 37साल गुजर चुके हैं हर दल की सरकारें आई और चली भी गईं लेकिन शहर के गंभीर समस्याओं पर किसी ने ध्यान नही दिया।शहर में हालत यह है कि हर कोई जल निकासी को लेकर परेशान है।सफाई व्यवस्था तो सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन का खुलेआम मखौल उड़ रहा है।जबकि इस नगर पालिका आदर्श नगर पालिका का दर्जा मिला है लोगों को उम्मीद बढ़ी कि अब शहर की हर सुविधाएं आसानी से मिल सकेगी।यही सोचकर नगर की आबादी बढ़ी दुकान व मकान भी बढ़े मोहल्ले में सड़कों का विस्तार हुआ। लेकिन जरूरत के हिसाब से संसाधन छोटे पड़ते गए। सबसे गंभीर समस्या घर का पानी नाली में गिरता है लेकिन नाली का पानी शहर से निकलने के लिए किसी भी सरकार के प्रतिनिधि ने ठोस व्यवस्था नही की।श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे के आस पास नाली का निर्माण कराया गया लेकिन जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बेकार साबित हो रहा है।यहां तक कि बरसात के दिनों में वन विभाग कार्यालय व कोतवाली परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसे पंपिग सेट के माध्यम से बाहर निकालना पड़ता है। नतीजा साफ है कि आज उसका खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बस स्टेशन के बगल बना शहर पनाह नाला भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। दैनिक बुद्ध संदेश की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं से बात की नगर निवासी देवता प्रसाद तिवारी, कल्लू, पाटनदीन, मोहरमा, आसिफ खां, मनीष, मंजूर हुसैन, मुकेश शुक्ला आदि ने बताया कि शुरू से इस नगर में जल निकासी की समस्या थी नेताओं ने वादा किया था चुनाव जीतने के बाद इसे दूर कर दिया जाएगा लेकिन आज भी समस्या जस का तस बनी हुई है। लोगों ने कहा कि हम इस बार वोट उसी को करेंगे जो हमारे जरूरी समस्याओं को गंभीरता से निदान करेगा।

## भाजपा प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु–ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। तुलसीपुर भाजपा नगर पालिका परिषद बलरामपुर



प्रत्याशी प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह श्धीरूश् ने मंगलवार शाम से जनसंपर्क शुरू करते हुए मोहल्ला खलवा, झंझरा, में डोर टू डोर जाकर लोगों से कमल के फूल पर मोहर लगाकर भाजपा को समर्थन देने की अपील किया। इस दौरान उन्होंने रानी तालाब स्थित हनुमान मंदिर और संत रविदास मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का अपार जनसमर्थन भाजपा प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू को मिल रहा है। इससे पूर्व डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संपर्क के दौरान नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, डीपी सिंह श्बैसश् शिव कुमार द्विवेदी, संजय शुक्ला, संदीप उपाध्याय, संदीप मिश्रा, विनय सैनी सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## छात्राओं से भोजन बनवाने पर बीएसए व एमडीएम समन्वयक से स्पष्टीकरण तलब

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। छात्राओं से भोजन बनवाने पर बीएसए व एमडीएम



समन्वयक से स्पष्टीकरण तलब बस्ती सदर स्थित कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय डिलिया में अध्ययनरत छात्राओं से भोजन बनवाने के प्रकरण को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन गंभीरता से ले लिया है। डीएम से इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा एमडीएम समन्वयक का स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी की ओर से दोनों अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विद्यालय में रसोईया एवं अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती है। इसके बावजूद छात्राओं से भोजन तैयार कराना बेहद आपत्तिजनक है और नियमों के विरुद्ध भी है। इससे विद्यालय के शैक्षणिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ इंद्रजीत प्रजापति एमडीएम समन्वयक अमित मिश्रा का स्पष्टीकरण तलब करते हुए तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## मनरेगा में मची लूट 121 की जगह 15 मजदूर कर रहे कार्य

### मनरेगा में अधिकारियों की मिलीभगत से मची लूट





राम बेलास प्रजापति

/दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर। जहां एक तरफ सरकार मजदूरों को गांव में ही काम देने के लिए प्रयास कर रही है वही ब्लॉक के अधिकारी एवं प्रधान की मिलीभगत से सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है।संत कबीर नगर जिले के विकासखंड सांथा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलवरिया मे चल रहे मनरेगा कार्य में कागजों में 121 मजदूर दो साइड पर काम कर रहे हैं। लेकिन जब मीडिया ग्राम पंचायत फुलवरिया में पहुंची तो पता चला कि पहला साइड कुतबुल्लाह के खेत से बनौली बॉर्डर तक एग्रो मार्ग पर 15 मजदूर काम करते मिले। और दूसरा साइड पी0एम0रोड से जगदीश के खेत तक एग्रो मार्ग कार्य पर मिट्टी कराया जहां एक भी मजदूर मौके पर नहीं पाए गए बिना काम किए मास्टर रोल जारी है। अगर देखा जाए तो 121 मजदूरों में से 15 मजदूर काम कर रहे हैं शेष 106 मजदूर काम नहीं कर रहे हैं उनका भी हाजरी लगाया जा रहा है देखा जाए तो 1 दिन में 106 मजदूरों का पैसा 22578 रुपया गबन किया जा रहा है इस संबंध में जब डीसी मनरेगा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय समाज पार्टी की प्रत्याशी सुमित्रा देवी ने समर्थकों के साथ किया नामांकन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। आप को बता दे की नगर निकाय चुनाव के लिए



नामांकन प्रक्रिया जारी है।आज तीसरे दिन नगर पंचायत गणेशपुर से अध्यक्ष पद की उम्मीदवार सुमित्रा देवी ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अमन राजभर, राहुल निषाद, विनोद राजभर, ब्रिज भूषण मिश्रा सहित अन्य तमाम समर्थक मौजूद रहे। सुमित्रा देवी ने कहा कि अगर जनता ने मुझे मौका दिया तो नगर पंचायत में विकास कार्य तेजी से कराए जाएंगे। लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा, तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिले इसका पूरा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का गठन पहली बार हुआ है।नगर पंचायत क्षेत्र में अभी तमाम मूलभूत सुविधाओं की कमी है। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है उन्हें उम्मीद है कि वह भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगी।

### कार्यालय : ग्राम पंचायत–महादेवा
**विकास खण्ड–बनकटी ,जनपद–बस्ती**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 24.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा दिनांक 29.04.2023 को अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 24.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **महादेवा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी। **नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **महादेवा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **महादेवा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **महादेवा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **ओम प्रकास सिंह** | **राम प्रकाश** |
| ग्राम पं0–महादेवा | ग्राम पंचायत–महादेवा |
| वि0 खंड–बनकटी | वि0 खंड–बनकटी |
| जनपद–बस्ती | जनपद–बस्ती |

### कार्यालय : ग्राम पंचायत–मोहनाखोर
**विकास खण्ड–बनकटी ,जनपद–बस्ती**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 24.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा दिनांक 29.04.2023 को अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 24.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **मोहनाखोर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी। **नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मोहनाखोर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मोहनाखोर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **मोहनाखोर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **लक्ष्मी गुप्ता** | **राम प्रकाश** |
| ग्राम पं0–मोहनाखोर | ग्राम पंचायत–मोहनाखोर |
| वि0 खंड–बनकटी | वि0 खंड–बनकटी |
| जनपद–बस्ती | जनपद–बस्ती |

### कार्यालय : ग्राम पंचायत–बडौगी
**विकास खण्ड–रामनगर ,जनपद–बस्ती**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 24.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा दिनांक 29.04.2023 को अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 24.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बडौगी** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी। **नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बडौगी** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बडौगी** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बडौगी** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **सरस्वती** | **विजय चौधरी** |
| ग्राम पं0–बडौगी | ग्राम पंचायत–बडौगी |
| वि0 खंड–रामनगर | वि0 खंड–रामनगर |
| जनपद–बस्ती | जनपद–बस्ती |

### कार्यालय : ग्राम पंचायत–बैदौली उर्फ दुबौली
**विकास खण्ड–रामनगर ,जनपद–बस्ती**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 24.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा दिनांक 29.04.2023 को अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 24.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बैदौली उर्फ दुबौली** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी। **नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बैदौली उर्फ दुबौली** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बैदौली उर्फ दुबौली** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बैदौली उर्फ दुबौली** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **शान्ति देवी** | **प्रमोद** |
| ग्राम पं0–बैदौली उर्फ दुबौली | ग्राम पं0–बैदौली उर्फ दुबौली |
| वि0 खंड–रामनगर | वि0 खंड–रामनगर |
| जनपद–बस्ती | जनपद–बस्ती |





# बाइक दुर्घटना से दो युवकों की मृत्यु के सूचना पर सांसद जगदंबिका पाल पंहुचे




दैनिक बुघ्द्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। दो दिन पूर्व शोहरतगढ़ के ग्राम छतहरी में बाइक दुर्घटना से दो युवकों की मृत्यु हो गई थी तथा एक बुरी तरह से घायल हो गया था सूचना पाकर बुद्धवार को विकास खंड जोगिया के सिसवा खुर्द गांव में मृतक संदीप पुत्र हरिश्चंद्र तथा राहुल पुत्र संतराम के घर सांसद जगदंबिका पाल ने पंहुच कर शोक संवेदना व्यक्त कर ढाढस बंधाया तथा हर संभव मदत करने को कहा तथा घायल युवक दुर्गेश पुत्र गया से हॉस्पिटल में जाकर हाल चाल जाना इसी तरह सांसद ने ग्राम पंचायत ककराही के पूर्व प्रधान भारत के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया इनके भाई की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी वही साथ में रवि जायसवाल सांसद प्रतिनिधि, और मनोज, गंगा मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपयोग हुआ ही नहीं, बदहाल होने लगा पंचायत भवन

## 22 लाख रुपये की लागत से 22 माह पूर्व हुआ था निर्माण



पंकज चौबे/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोमनदेई में 22 लाख की लागत से बना पंचायत भवन 22 माह में ही जर्जर होने लगा है। बिना उपयोग किए ही भवन बदहाल हो गई है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की अनदेखी के कारण फर्श टूट रही है। और दीवारों की सूरत बिगड़ने लगी है। वर्ष 2018–19 में रोमनदेई में ग्राम पंचायत की ओर से मनरेगा और राज्य वित्त योजना से लगभग 22 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था। निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता की अनदेखी के कारण नव निर्मित पंचायत भवन उपयोग से पहले ही बदहाल हो गया है। भवन में बनाए गए कमरे और सभागार हॉल अनुपयोगी हो गए हैं। सभागार की फर्श जगह–जगह धंस गई है। भवन में लगे बिजली के बोर्ड उखड़कर लटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भवन में कोई बैठक नहीं हुई है। इसका उपयोग अभी तक किसी काम में नहीं लिया गया है। इसके बावजूद यह खस्ताहाल हो गया है। लोगों का आरोप है कि पंचायत भवन के निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे यह बदहाल हुई है। लोगों ने पंचायत भवन के निर्माण कार्य की जांच की मांग उठाई है।वही इस सम्बंध में वर्तमान प्रधान करीम ने बताया की पंचायत भवन का निर्माण पूर्व प्रधान व ग्राम सचिव के द्वारा कराया गया है गुणवत्ता विहीन पंचायत भवन की मौखित व लिखित शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से किया गया है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी लोटन का दबदबा कायम, सर्वाधिक 15 बच्चे हुए पास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सरकारी विद्यालयों में कक्षा 8में अध्ययन रत



कमजोर आय वर्ग के बच्चों हेतु आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम लम्बे इंतजार के बाद आज जारी हो गया जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर के कुल 152 छात्र छात्राएं सफल हुए हैं। परीक्षा 13नवम्बर को जनपद के कुल चार केन्द्रो पर आयोजित की गयी थी। उक्त छात्र वृत्ति परीक्षा पास करने वाले बच्चों को कुल 48000६ की छात्र वृत्ति 9 से 12 की पढ़ाई के दौरान प्राप्त होगी। उक्त परीक्षा के जनपदीय नोडल एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दयाशंकर पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष उक्त छात्र वृत्ति परीक्षा में जनपद से कुल 1496 आवेदन हुए थे एवं कोटा 164 बच्चों का है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

# सपा नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक



दल अपने–अपने प्रत्याशी की घोषणा कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कि स्वीकृत व प्रदेश अध यक्ष नरेश उत्तम पटेल की निर्देश पर जनपद बस्ती नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की घोषणा समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्षधविधायक बस्ती सदर महेन्द्र नाथ यादव की उपस्थिति में किया। नगरपालिका परिषद बस्ती अध्यक्ष पद नेहा वर्मा, नगर पंचायत मुंडेरवा मोहम्मद आरिफ नगर, पंचायत गायघाट राम सुरेश सोनकर, नगर पंचायत रुधौली धीर सेन निषाद, नगर पंचायत बभनान सईदअहमद, नगर पंचायत नगर बाजार पूनम उपाध्याय, नगर पंचायत कप्तानगंज चन्द्र प्रकाश चौधरी, नगर पंचायत गणेशपुर नाहिद बानो,नगर पंचायत बनकटी गुजराती, नगर पंचायत हरैया कौशलेंद्र प्रताप सिंह प्रत्याशी घोषित किए गए। प्रेसवार्ता के दौरान विधायक रुध ौली राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, विधायक कप्तानगंज कवीन्द्र चौधरी, अरविंद सोनकर उपस्थित रहे।

# फर्जी मास्टर रोल को लेकर रोजगार सेवक द्वारा प्रधान के खिलाफ ब्लॉक पर किया प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। रोजगार प्रधान द्वारा रोजगार सेवक से फर्जी लेबर डिमांड एवंछ.ड.डै है नहीं करने पर मारने पीटने की धमकी दी जा रही है रोजगार मनरेगा साइड से डिलीट कर दी गई आखिर कौन है वह मास्टर रोल का फर्जी मास्टरमाइंड जो ब्लॉक को कर रहे हैं बदनाम और यह काम किसके आदेश पर किया गया।



रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश उपाध्याय ने कहा कि प्रधान द्वारा फर्जी मस्टररोल निकालकर कराया जा रहा था काम और रोजगार सेवक को गाली गलौज मारने की दी जा रही है धमकी जिसको लेकर के आज हम लोगों ने ब्लॉक पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी महोदय व मुख्य विकास अधिकारी महोदय को अवगत करा दिया है। इसी दौरान ,विनोद यादव, गिरधारी लाल ,अमरनाथ राय ,कन्हैया लाल तुलसीराम ,रूपेश कुमार ,परमात्मा प्रसाद, लालाजी, मोहम्मद अयूब ,कमलेश कुमार ,नमिता चौबे, अफताब अहमद, अजय कुमार शर्मा, अजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

- **बिना रोजगार सेवक के नॉलेज में चल रहा था फर्जी मास्टर रोल**
- **प्रधान द्वारा रोजगार सेवक को मारने पीटने की दी जा रही धमकी**

सेवक सिया राम चौधरी ने खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर प्रधान द्वारा हमको मारने पीटने की दी जा रही धमकी को लेकर लगाई न्याय की गुहार। आपको बता दें पूरा मामला विकासखंड साथा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलवरिया के ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी हाजिरी भरने के लिए बार–बार दबाव बनाया जा रहा है और मेरे आईडी पासवर्ड को सेवक द्वारा लगाया जा रहा है कि मनरेगा सेल के द्वारा नरेगा साइट से यूनिवर्स की आईडी पासवर्ड ग्राम पंचायत के प्रधान अपने घर की बहू को दे दी गई है और मेरे आईडी पासवर्ड को

# समांथा में हो रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य का वीडियो ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बेलहर,संतकबीरनगर। अमृत सरोवर निरीक्षण में पहुंचे खंड



विकास अधिकारी दिये आवश्यक दिशा–निर्देश जल्द हो अमृतसर का निर्माण कार्य पूर्ण बढ़ाया जाए मनरेगा मजदूरों की संख्या क्यों कि बारिश धीरे धीरे आ रहा करीब। बेलहर विकासखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत समन्था में अमृतसर सरोवर का निर्माण चल रहा है बेलहर खंड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा और एपिओ सूर्य प्रकाश चौधरी निरीक्षण में पहुंचे यहां मनरेगा मजदूर कार्यरत दिखे, खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान विश्व नाथ मौर्य को निर्देश दिया कि अमृतसर सरोवर का निर्माण कार्य जल्द हो पूर्ण आवश्यकता हो बढ़ाया जाय मजदूर। उन्होंने बताया कि जल संचय रखने हेतु सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत अमृत सरोवर निर्माण कार्य चल रहा है सरोवर बन जाने से पशु पक्षियों और ग्रामीणों को मिलेगा इसका लाभ। इस दौरान ग्राम प्रधान विश्व नाथ मौर्य, तौलन प्रसाद राम सूरत चौधरी, कृष्ण प्रताप गोपाल, विमला देवी, श्यामा देवी, शंकर आदि लोग रहें उपस्थित रहे।

# बेलहर से प्रतिमा निषाद मेहदावल से रितिका पांडे को सपा से बनाया गया उम्मीदवार

## सपा ने घोषित किए नगर निकाय के कैंडिडेट



दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। सपा ने घोषित किए नगर निकाय के कैंडिडेट, प्रेस कांफ्रेंस कर जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने किया एलान, शीर्ष नेतृत्व के निर्णय को मीडिया के साथ किया साझा।पूर्व विधायक जय चौबे, जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष रमेश चंद यादव, वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, अवधेश यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने सभी के नामों की करी घोषणा। खलीलाबाद नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी रहे जगत जयसवाल को भरोसा जताते हुए सपा ने पुनः दिया टिकट जगत जयसवाल वहीं दूसरी स्थान पर रहे। वहीं दूसरी तरफ मेहदावल के पूर्व विधायक व पूर्व राज्य मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के भाई की पत्नी को मिला बेलहर कला से टिकट पार्टी ने भरोसा जताते हुए लक्ष्मीकांत पूर्व पप्पू निषाद की भाई की पत्नी पर जताया भरोसा।

## सम्पादकीय

**नीतीश से मुलाकात के बाद राहुल की पहली रैली कोलार में हुई, जहां उन्होंने ओबीसी का अपमान करने के भाजपा के आरोपों का पहली बार विस्तार से जवाब दिया और जातीय जनगणना का समर्थन किया। असल में नीतीश ने कांग्रेस को समझाया है कि भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे का जवाब मंडल की राजनीति से ही दिया जा...**

# राहुल पर चढ़ रहा है नीतीश का रंग



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली बार खुल कर जातीय जनगणना का समर्थन किया है। यह नीतीश कुमार इफेक्ट है। पिछले हफ्ते नीतीश दिल्ली आए थे और मल्लिकार्जुन खडगे व राहुल गांधी से उनकी लंबी मुलाकात हुई थी। उसके बाद रविवार को राहुल कर्नाटक के कोलार में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने यूपीए के शासन में 2011 में हुई जनगणना के जातिवार आंकड़े जारी करने की चुनौती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी। इतना ही नहीं रैली के बाद राहुल ने एक ट्विट किया, जिसमें कहा– जितनी आबादी, उतना हक! जातीय जनगणना हर वर्ग को सही प्रतिनिधित्व देने का आधार है, वंचितों का अधिकार है। अब तक राजद, जदयू, सपा या इस तरह की कुछ और प्रादेशिक पार्टियां जातीय जनगणना का समर्थन कर रही थीं। पहली बार है, जब कांग्रेस ने इस तरह से खुल कर जातियों की गिनती की बात कही है। इससे दो बातें साफ हो गई हैं। पहली बात तो यह कि नीतीश कुमार कांग्रेस को अपना एजेंडा समझाने में सफल हो गए हैं। ध्यान रहे बिहार में जातीय जनगणना चल रही है। उसका दूसरा चरण शुरू हो गया है और अगले दो–तीन महीने में इसके आंकड़े आ जाएंगे। दूसरी बात यह साफ हो गई है कि अगला चुनाव कांग्रेस और उसके गठबंधन के सहयोगी सामाजिक न्याय के मुद्दे पर लड़ेंगे। कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी को नीतीश की बात समझ में आई है। बताया जा रहा है कि जब नीतीश मिलने पहुंचे तो राहुल बहुत अनिच्छुक थे। वे चुपचाप बैठे हुए थे काफी देर तक नीतीश अकेले बोलते रहे। बाद में खडगे ने उनके साथ बातचीत की। संवाद उन्हीं दोनों के बीच होता रहा। कहा जा रहा है कि राहुल ने दार्शनिक अंदाज में कुछ बातें कहीं। वे व्यावहारिक राजनीति की बातों पर चुप थे। फिर नीतीश ने सामाजिक न्याय का एजेंडा बताते हुए कहा कि इसका सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस को होगा। तब राहुल चौतन्य हुए और बातचीत में शामिल हुए। नीतीश से मुलाकात के बाद राहुल की पहली रैली कोलार में हुई, जहां उन्होंने ओबीसी का अपमान करने के भाजपा के आरोपों का पहली बार विस्तार से जवाब दिया और जातीय जनगणना का समर्थन किया। असल में नीतीश ने कांग्रेस को समझाया है कि भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे का जवाब मंडल की राजनीति से ही दिया जा सकता है। नब्बे के दशक में समाजवादी पार्टियां इसी एजेंडे से भाजपा को टक्कर दे चुकी हैं। अगले चुनाव में फिर से इसे आजमाया जाएगा। तभी राहुल गांधी ने कर्नाटक के भाषण में प्रधानमंत्री से सवाल किया कि कि उनकी सरकार में सिर्फ सात फीसदी सचिव ही क्यों ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के हैं। इसके बाद उन्होंने आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा खत्म करने की अपील की। इसी एजेंडे के आसपास विपक्ष की राजनीति होगी।

## भगवान शिव के भी उपासक थे गोस्वामी तुलसीदास



ब्रह्मांड में श्री ब्रह्मा, विष्णु और महेश की जगत व्याप्ति को गोस्वामी तुलसीदास भली भांति जानते हैं। तथ्य यह भी है कि भगवान श्री राम भगवान श्री विष्णु के अवतार हैं। भगवान श्रीराम की महिमा का गान करते हुए श्री रामचरित मानस की रचना करते हुए संस्कृत भाषा की आदि परंपरा में गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान शिव की भी आराधना करते हैं। शिव तत्व को वे जानते हैं। वे यह भी जानते हैं कि बिना शिव की कृपा के हर आदमी लाश के समान है। शिव आनंद हैं। वे परम तत्व हैं। समाज के निचले तबके में पूजित हैं। आज भी गांव गांव में भगवान शिव के मंदिर श्रद्धा और विश्वास की प्रतिमूर्ति हैं। मध्यकालीन सामाजिक चेतना में शिवत्व और रामत्व में अभेद की चेतना का संचार करने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरुपिनौ। याभ्यां विना न पश्यंति सिद्धाः स्वान्तः स्थमीश्वरम।। अर्थात श्रद्धा और विश्वास के स्वरूप श्रीपार्वती जी और श्रीशंकर जी की मैं वंदना करता हूं, जिनके बिना सिद्धजन अपने अंतः करण में स्थित ईश्वर को नहीं देख सकते। आप देखिए तो पाएंगे कि संत जन को गोस्वामी जी का कितना बड़ा और गहरा संदेश है। वे माता पार्वती और भगवान शिव को श्रद्धा और विश्वास की प्रतिमूर्ति मानते हैं। गोस्वामी जी आगे पुनः लिखते हैं कि वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शंकर रुपिणम। यमाश्रितो हि वक्रोपि चंद्रह सर्वत्र वंद्यते।। अर्थात ज्ञानमय, नित्य, शंकर रूपी गुरु की मैं वंदना करता हूं, जिनके आश्रित होने से ही टेढ़ा चंद्रमा भी सर्वत्र वंदित होता है। आप फिर देखिए तो यह महसूस करेंगे कि गोस्वामी तुलसीदास जी कितने बड़े शिव भक्त हैं। गोस्वामी जी की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि वे जितने बड़े भगवान श्री राम चंद्र जी के भक्त हैं , उससे कम शिव जी के भक्त नहीं हैं। भगवान श्री कृष्ण के भी उतने ही बड़े भक्त हैं। दरअसल गोस्वामी जी का अधिकांश जीवन काशी में भी व्यतीत हुआ है। काशी भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी हुई है। गोस्वामी जी की भक्ति पूर्व से लेकर पश्चिम को और उत्तर से लेकर दक्षिण को एकता की भावना में पिरोती है। औपनिवेशिक मानसिकता से अभिशप्त जो विचारक भारतीय एकता का सूत्रपात अंग्रेज इतिहासकारों में देखते हैं उन्हें गोस्वामी तुलसीदास जी जैसे लोकनायक का एक बार पुनः गहन अध्ययन करना चाहिए। उन्हें इस बात को भली भांति समझना और जानना चाहिए कि सामाजिक सांस्कृतिक एकता के सबसे बड़े अगुआ गोस्वामी तुलसीदास जी थे जिन्होंने भगवान शिव, भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की भक्ति के बहाने मध्यकालीन सनातन धर्म के अनुयायियों को आपस में एकीकृत किया। भक्ति के बहाने सामाजिक दूरी को पाटने में लोकनायक तुलसीदास सबसे अग्रिम पंक्ति में अपनी सूझ बूझ और समझ के बल पर खड़े हुए हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# बिहार और हिंदी पट्टी की राजनीति

**मिलने का आधिकारिक कारण अलग बताया गया। लेकिन जानकार सूत्रों के मुताबिक मांझी दूसरी तरफ भी विकल्प देख रहे हैं। नीतीश के एक और सहयोगी मुकेश सहनी भी भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं। हालांकि बिहार में एनडीए में भी कम शह–मात का खेल नहीं चल रहा है। पिछले दिनों चिराग पासवान राजद की ओर से दी गई इफ्तार की दावत में शामिल हुए। वे भाजपा पर ज्यादा सीट के लिए...**

हरिशंकर व्यास

आजाद भारत के इतिहास में दो बार– 1977 और 1989 में विपक्ष ने एकजुट होकर सत्तारूढ़ दल को हराया है। दोनों बार के बदलाव में बिहार की बड़ी भूमिका रही थी। इसी रेपुटेशन की वजह से इस बार भी जब भाजपा के खिलाफ विपक्ष का गठबंधन बनाने की बात हो रही है तो बिहार की भूमिका देख रही है। बिहार की भूमिका इस वजह से भी बढ़ी है क्योंकि जिस समय भाजपा अपने ऑपरेशन लोटस के तहत मध्य प्रदेश से लेकर कर्नाटक और महाराष्ट्र तक कांग्रेस की सरकार गिरा कर अपनी सरकार बना रही थी उस समय बिहार में नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ कर राजद और कांग्रेस के साथ सरकार बनाई। इस तरह भाजपा को बिहार की सत्ता से बाहर किया। उसके बाद से ही नीतीश और उनकी पार्टी के नेता यह राजनीतिक विमर्श चलाए हुए हैं कि देश के आधा दर्जन राज्यों में भाजपा की सीटें कम की जा सकती हैं, जिससे वह अगले चुनाव में बहुमत नहीं हासिल कर पाएगी। इस थ्योरी को देने के बाद नीतीश इस पर अमल के लिए भागदौड़ कर रहे हैं। दिल्ली में जब वे मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी से मिले तो उन्होंने कहा है कि वे यूपीए से बाहर की छह पार्टियों के नेताओं से बात कर सकते हैं। इसमें उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, ओडिघ्शा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात करने की बात कही। हालांकि नवीन पटनायक और जगन मोहन रेड्डी के बारे में सबको पता है कि वे विपक्षी गठबंधन में शामिल नहीं होंगे। के चंद्रशेखर राव व ममता बनर्जी पहले से विपक्षी गठबंधन बनाने के प्रयास में हैं इसलिए उनके साथ ज्यादा बात करने की जरूरत नहीं है। असली मसला उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और बाकी हिंदी प्रदेशों में अरविंद केजरीवाल से तालमेल बनवाने का है। क्या नीतीश यह काम कर पाएंगे? खडगे और राहुल गांधी से मिलने के बाद बुधवार को नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इसके अगले दिन आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मिले। केजरीवाल से मुलाकात तो औपचारिक प्रकृति की थी लेकिन संजय सिंह से गंभीर राजनीतिक बात हुई है। अगर नीतीश कुमार किसी तरह से केजरीवाल के साथ विपक्ष और खास कर कांग्रेस का गठबंधन बनवाते हैं तो वह बहुत बड़ी बात होगी क्योंकि कांग्रेस को असली खतरा सिर्फ आम आदमी पार्टी से है। वे बाकी प्रादेशिक पार्टियों के खिलाफ चुनाव लडने उनके असर वाले राज्य में नहीं जा रहे हैं। उनको बंगाल या तेलंगाना में चुनाव नहीं लडना है और न बिहार या तमिलनाडु में लडना है। उनको दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात आदि राज्यों में लडना है, जहां मोटे तौर पर कांग्रेस की सीधी लड़ाई भाजपा से है। वे इन राज्यों में कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकते हैं। जब से उनको राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है तब से वे और ज्यादा उत्साहित हैं। ऐसे में उनको समझना बहुत मुश्किल होगा। उनको अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा छोडने और विपक्ष को मजबूत करने के लिए गठबंधन में शामिल करने के लिए तैयार करना बहुत मुश्किल होगा। अभी वे कर्नाटक में चुनाव लड़ रहे हैं और साल के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव लडने की तैयारी कर रहे है। नीतीश की असली परीक्षा केजरीवाल को साधने में होगी। इसके बाद उनको अखिलेश यादव को विपक्षी गठबंधन में शामिल होने के लिए तैयार करना होगा। उत्तर प्रदेश में माफिया को मिट्टी में मिला देने की जैसी राजनीति हो रही है उसे देखते हुए अखिलेश के पास ज्यादा विकल्प नहीं दिख रहे हैं। यदि अगले महीने होने वाले नगर निगम चुनाव में उनकी पार्टी का प्रदर्शन खराब होता है तो फिर ज्यादा संभावना है कि वे विपक्षी गठबंधन में शामिल होंगे। इस काम में लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव भी नीतीश की मदद कर सकते है। कायदे से लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को अखिलेश यादव और हेमंत सोरेन से बात करके तीन राज्यों का एक मजबूत गठबंधन बनाना चाहिए। इन तीन राज्यों में लोकसभा की 134 सीटें हैं, जिनमें भाजपा के पास 93 सीटें हैं और एनडीए के पास एक सौ सीट है। जदयू के अलग होने से पहले एनडीए के पास 116 सीटें थीं। अगर इन तीन राज्यों का एक पायलट प्रोजेक्ट बनता है, जिसमें सभी 134 सीटों पर भाजपा के मुकाबले विपक्ष का एक उम्मीदवार हो तो उतने भर से बहुत कुछ बदल जाएगा। लेकिन उससे पहले भाजपा ने बिहार में ही नीतीश कुमार को घेरना शुरू कर दिया है। जिस समय नीतीश दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की राजनीति कर रहे थे उसी समय उनके सहयोगी जीतन राम मांझी दिल्ली में अमित शाह से मिले। मिलने का आधिकारिक कारण अलग बताया गया। लेकिन जानकार सूत्रों के मुताबिक मांझी दूसरी तरफ भी विकल्प देख रहे हैं। नीतीश के एक और सहयोगी मुकेश सहनी भी भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं। हालांकि बिहार में एनडीए में भी कम शह–मात का खेल नहीं चल रहा है। पिछले दिनों चिराग पासवान राजद की ओर से दी गई इफ्तार की दावत में शामिल हुए। वे भाजपा पर ज्यादा सीट के लिए दबाव बना रहे हैं। सो, वहां भी डाल–डाल, पात–पात की राजनीति हो रही है। इसके बावजूद अगर नीतीश हिंदी पट्टी के बड़े राज्यों में विपक्षी गठबंधन बनवाने में कामयाब होते हैं तो 2024 के लोकसभा चुनाव की तस्वीर बहुत बदलेगी।

**मन की बात के कई एपिसोड में प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी से खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की सीधी अपील की है। अपने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, उन्होंने भारत के समग्र विकास के लिए खेल को एक महत्वपूर्ण पहलू बनाने के लिए श्सबका प्रयासश की भावना पैदा की है और लोग, सरकारें, खिलाडियों और संघ मिलकर इस दृष्टि को नए भारत की वास्तविकता ...**

# मन की बात -100: एक खेल प्रेमी राष्ट्र के रूप में भारत का उत्सव

अंजू बॉबी जॉर्ज

भारत में खेलों के लिए यह एक रोमांचक समय है। भारत के पास हमेशा से खेल प्रतिभाओं का एक होनहार और बड़ा पूल रहा है। जरूरत इस बात की थी कि मौजूदा नीतियों में संशोधन किया जाए और नई नीतियों को लाया जाए जो उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं से मेल खाती हों। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, सरकार जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान, खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण, एलीट खिलाडियों को समर्थन और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो देश के खेल परिदृश्य को बदलने के लिए मिशन मोड में है और देश के कोने–कोने से महिलाएं, दिव्यांगजन और युवा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करता है। सफलता की गाथाओं के साथ–साथ हर आयु वर्ग के कई खिलाडियों के धैर्य, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की कहानियों ने प्रधानमंत्री के श्मन की बातश और देश के दिलों में जगह बनाई है। श्खेलो इंडियाय एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में श्खेलो इंडिया गेम्सय भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देकर प्रोत्साहित करने से न केवल युवा खिलाडियों बल्कि राज्यों को भी अपने स्वयं के मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बढ़ावा मिला है। देश में एक समग्र खेल संस्कृति के विकास के अलावा, प्रत्येक खिलाड़ी और उनकी प्रगति को जानने में प्रधानमंत्री जो व्यक्तिगत रुचि लेते हैं, वह भी कुछ ऐसा है जो हमारे देश में पहले कभी नहीं देखा गया था। वह अंतिम रवानगी से पहले और एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटध्खेल आयोजन के बाद भारतीय दल के साथ बातचीत करना और उन्हें उनकी सफलता या ईमानदारी से किए गए प्रयासों के लिए प्रेरित करते हैं और बधाई देते हैं। प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं। कॉमनवेल्थ हो या ओलंपिक जाने वाला भारतीय दल या खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले युवा, श्मन की बातश एक ऐसा मंच बन गया है, जहां खेल के मोर्चे पर देश की उपलब्धियां सामने आती हैं। और आज, जब श्मन की बातश 30 अप्रैल, 2023 को अपना शतक पूरा करने जा रहा है, तो मुझे यकीन है कि इतने सालों में इसके सभी एपिसोड ने एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा को तराशने और एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरणा का काम किया है।

जब मैंने विश्व चौम्पियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। और मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा। इस लिहाज से आज के युवा खिलाड़ी वाकई खुशकिस्मत हैं कि प्रधानमंत्री श्मन की बातश जैसे अहम मंच पर उनके बारे में बात कर रहे हैं। वे उनके व्यक्तिगत हितों को भी अच्छी तरह से जानते हैं और उनके वापस आने पर उन्हें भव्य विदाई दे रहे हैं और उनका सत्कार भी कर रहे हैं। पूरा भारत और खासकर युवा पीढ़ी के लोग इसे देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बार–बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है।

खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है। वे दिन गए जब लोग केवल क्रिकेट के पीछे भागते थे। आज, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत की भागीदारी से एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय गौरव जुड़ा हुआ है। चाहे वह बैडमिंटन हो, भाला फेंक, हैंडबॉल, या तलवारबाजी, और यहां तक कि मल्लखंब और कलारीपयट्टू जैसे स्वदेशी खेल, आज लोग दुनिया भर में तिरंगे को लहराने वाले खिलाडियों के लिए उनकी प्रशंसा में एकजुट हैं। ओलंपिक 2020 से ठीक पहले, प्रधानमंत्री ने श्मन की बातश के श्रोताओं से श्चीयर फॉर इंडियाय के साथ टोक्यो जाने वाले खिलाडियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जो बाद में एक अभियान में बदल गया, जिसमें स्कूली छात्रों से लेकर मशहूर हस्तियों तक की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने खिलाडियों के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। यह देखना दिलचस्प है कि एक देश के रूप में हम अपने खिलाडियों का जश्न मनाने के विभिन्न तरीके खोज रहे हैं। खेल के मोर्चे पर यह गति भारत के लिए अभूतपूर्व है और खेलों में एक नया जोश भरने के लिए मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं। परिणाम सबके सामने हैं। टोक्यो ओलंपिक में सात और पैरालिंपिक में 19 पदकों के साथ भारत ने चार दशकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक सहित कुल 61 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय थॉमस कप (बैडमिंटन) टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय पुरुष टीम ने 14 बार के विश्व चौंपियन इंडोनेशिया को हराकर चौंपियनशिप जीती। डेफलम्पिक्स ब्राजील के लिए भारतीय दल ने 16 पदकों के साथ देश के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नई युवा प्रतिभाएं जबरदस्त प्रदर्शन कर रही हैं और पूरा देश उनकी जीत का आनंद उठा रहा है। श्मन की बातश ने एक मंच के रूप में नागरिकों, विशेषकर युवाओं में देश में खेलों के प्रति सामूहिक उत्साह को प्रेरित किया है। मन की बात के कई एपिसोड में प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी से खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की सीधी अपील की है। अपने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, उन्होंने भारत के समग्र विकास के लिए खेल को एक महत्वपूर्ण पहलू बनाने के लिए श्सबका प्रयासय की भावना पैदा की है और लोग, सरकारें, खिलाडियों और संघ मिलकर इस दृष्टि को नए भारत की वास्तविकता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं श्मन की बातय के आने वाले 100वें एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं और हमारे प्रधानमंत्री को उन आम लोगों को उनकी बात सुनने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित देख रही हूं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है।

लेखक भारतीय ओलंपियन और भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन की उपाध्यक्ष हैं



# आईपीएल में फिर आई सट्टेबाजी की आंच, मोहम्मद सिराज ने खुलासा कर बीसीसीआई को दी जानकारी

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में सट्टेबाजी फिर से सक्रिय हो गई है। यहां फिर से फिक्सिंग का मामला सामने आया है। सालों पहले भी फिक्सिंग की आंच आईपीएल पर पड़ चुकी है। वही अब एक बार फिर से सट्टेबाजी की आंच आ गई है। इस बार टीम इंडिया के स्ध्टार खिलाड़ी मोहम्ध्मद सिराज ने फिक्सिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

आईपीएल में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की ओर से खेलने वाले स्ध्टार खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के खुलासे के बाद से सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक आईपीएल में सट्टेबाजी के दौरान एक ड्राइवर ने पैसे गंवा दिए जिसके बाद उसने सिराज से संपर्क किया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाइ (एसीयू) को जानकारी दी है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने आईपीएल के पिछले मैच में भारी पैसा हारने के बाद उनकी टीम की अंदरूनी जानकारी के लिये उनसे संपर्क किया था।




सिराज ने फोन आने के बाद तुरंत एसीयू अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया ,''जिसने सिराज से संपर्क किया वह सटोरिया नहीं था। वह मैचों पर सट्टा लगाने का आदी हैदराबाद का एक ड्राइवर था। उसने काफी पैसा गंवा दिया था इसलिये उसने अंदरूनी जानकारी के लिये सिराज से संपर्क किया।'' उन्होंने कहा ,'' सिराज ने तुरंत इसकी सूचना दी।

पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है जिसने मोहम्मद सिराज से संपर्क किया था। इस मामले में पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारी अधिक जानकारी हासिल करने के लिए मामले की जांच पड़ताल में जुट गए है। आरोपी व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

पहले हो चुकी है सट्टेबाजी

बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब आईपीएल में स्ट्टेबाजी की गई है। कुछ वर्ष पहले एस श्रीसंत, अंकित चव्हाण, अजीत चंदीला के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व प्रिंसिपल गुरुनाथ मयप्पन को गिरफ्तार किया गया था। इन पर स्पॉच फिक्सिंग के आरोप लगे थे। ये घटना वर्ष 2013 में हुई थी। इस घटना के सामने आने के बाद बीसीसीआई टीम ने एसीयू के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ा दी है। हर टीम के साथ अब एसीयू अधिकारी रहता है जो कि टीम के साथ ही होटल में रहता है और खिलाड़ियों व पूरी टीम पर नजर रखता है।

# पावरप्ले में बहुत विकेट गंवा रहे हैं, मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं : लारा

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में पावरप्ले में कई विकेट गंवाना उनकी टीम की परेशानी बनी हुई है और उन्हें मध्यक्रम में लंबी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाने वाला बल्लेबाज चाहिये।



लारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' विकेट गंवाने से हमेशा आप दबाव में आ जाते हैं। हमने जब भी जीत दर्ज की है , तब सलामी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी बल्लेबाजी में कितनी गहराई है।

आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि सही बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका मिले और इस मैच में वह मौका नहीं लिया।' मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स को मंगलवार को 14 रन से हराया। लारा ने कहा ,'' हमारा मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी चाहिये जो आखिर तक खेलकर जीत दिलायें। आईपीएल में राहुल तेवतिया, डेविड मिलर जैसे उदाहरण है। हमें भी वैसे ही बल्लेबाज चाहिये। हम उस पर काम कर रहे हैं लेकिन इस मैच में हम बेहतर टीम नहीं थे। इसे स्वीकार करना होगा।''

उन्होंने कहा ,'' हमने पांचों मैचों में पावरप्ले में काफी विकेट गंवाये। इससे हम शुरू ही से दबाव में आ गए। हमें इसमें सुधार करना होगा।'' वहीं 17 गेंद में 37 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि वह टीम के लिये किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने को तैयार है। उन्होंने कहा ,'' मैं किसी भी क्रम पर खेलने को तैयार हूं। मैने हालात के अनुरूप बल्लेबाजी के लिये खुद को तैयार किया है। मैने टीम प्रबंधन को भी बता दिया है कि मैं किसी भी क्रम पर खेल सकता हूं।

# रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स की नजरें धवन की चोट पर

मोहाली। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच से पहले पंजाब किंग्स अपने कप्तान शिखर धवन के फिट होने की दुआ कर रहा होगा क्योंकि इस मैच में उन्हें आक्रामक बल्लेबाजी का सख्त जरूरत है। फॉर्म में चल रहे 37 वर्ष के धवन कंधे की चोट के कारण 15 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनकी जगह इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुरेन ने कमान संभाली थी और पंजाब ने इकाना स्टेडियम पर दो विकेट से जीत दर्ज की थी। पंजाब के लिये जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने अब तक सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उनके अलावा मैथ्यू शॉर्ट, हरप्रीत सिंह और एम शाहरूख खान ने भी जीत में योगदान दिया।

लखनऊ की तुलना में हालांकि आरसीबी कठिन प्रतिद्वंद्वी है और कुरेन को पता है कि फाफ डु प्लेसी की टीम को हराने के लिये उन्हें भी बल्लेबाजी में योगदान देना होगा। बतौर बल्लेबाज उनका खराब फॉर्म चिंता का सबब है क्योंकि वह पिछले मैच में छह रन ही बना सके। उनके तीन विकेट ने हालांकि केएल राहुल की टीम को आठ विकेट पर 159 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। धवन की मौजूदगी में पंजाब का शीर्षक्रम मजबूत है लेकिन उनकी फिटनेस संदिग्ध होने के कारण उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह को समझदारी से खेलना होगा।

प्रभसिमरन (चार) और उनके नये सलामी जोड़ीदार अथर्व तायडे (0) सस्ते में आउट हो गए थे।




पंजाब की गेंदबाजी हालांकि अब तक प्रभावी रही है। अर्शदीप सिंह और कुरेन ने मोर्चे से अगुवाई की हे जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने उनका बखूबी साथ दिया है। पांच मैचों में छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब के बल्लेबाजों ने निराश किया है और उन्हें धवन की सख्त जरूरत है। दूसरी ओर आरसीबी का तकदीर साथ नहीं दे रही। कप्तान डु प्लेसी और विराट कोहली पारी की शुरूआत करके शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

ग्लेन मैक्सवेल ने चौथे नंबर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके बाद शाहबाज अहमद, दिनेश कार्तिक और सुयश प्रभुदेसाई ने भी अपनी उपयोगिता साबित की है लेकिन शीर्ष क्रम के लगातार अच्छा नहीं खेल पाने से उन्हें निराशा हाथ लगी है। कोहली (छह) और महिपाल लोमरोर (0) चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए थे। जीत के लिये 226 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए डु प्लेसी और मैक्सवेल ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम आठ रन से हार गई।अब टीम पांच मैचों में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है। उसे अपना मनोबल बढाने के लिये अब कुछ अच्छी जीत की दरकार है। टीमें :पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोरः फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल। समयः मैच दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

# ओस्टापेंको ने स्टटगार्ट के पहले दौर में राडूकानू को हराया

स्टटगार्ट। पूर्व ग्रैंडस्लैम चौम्पियन येलेना ओस्टापेंको ने पोर्शे ग्रां प्री इंडोर क्लेकोर्ट टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में एम्मा



राडूकानू को 6 . 2, 6 . 1 से हरा दिया। फ्रेंच ओपन 2017 चौम्पियन लाटविया की ओस्टापेंको ने पहले ही सेट में अमेरिकी ओपन 2021 चौम्पियन राडूकानू की सर्विस दो बार तोड़कर उसे दबाव में ला दिया। एक अन्य मैच में पाउला बाडोसा ने सातवीं वरीयता प्राप्त डारिया कासात्किना को 6 . 1, 6 . 1 से हराया। अब उनका सामना क्वालीफायर क्रिस्टिना बुक्सा से होगा। बारबरा क्रेइसिकोवा ने लियुडमिला सैमसोनोवा को 6 . 2, 6 . 0 से शिकस्त दी और अब वह एरिना सबालेंका से खेलेगी।

# अंटार्कटिका में पांचवां रिसर्च बेस बना रहा चीन, खौफ में पश्चिमी देश, जासूसी का है खतरा

चीन अंटार्कटिका में अपना पांचवा रिसर्च बेस बना रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों से इस बात का खुलासा हुआ है। चीन की तरफ



से बड़े स्तर पर निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) की एक रिपोर्ट के अनुसार, निर्माण में कई वर्षों की सुस्ती के बाद चीन अंटार्कटिका में देश का पांचवा रिसर्च बेस का निर्माण कर रहा है। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक ने जारी एक रिपोर्ट में कहा कि 2018 में निर्माण शुरू होने के बाद कई वर्षों की निष्क्रियता के बाद साइट पर काम में तेजी नजर आ रही है। ये निष्कर्ष मैक्सर द्वारा हाल के महीनों में कैप्टर की गई उपग्रह इमेजरी पर आधारित थे।

पश्चिमी देशों को डर है कि बीजिंग आर्कटिक के लिए नए शिपिंग मार्ग विकसित करने का ढोंग कर रहा है। वहीं वो अपनी जासूसी क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश में लगा है। सीएसआईएस के मुताबिक देश के खुफिया संग्रह को बढ़ाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। वैसे महाद्वीप में अपनी उपस्थिति और अनुसंध ाान गतिविधियों को मजबूत करने में चीन अकेला नहीं है, जहां संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित कई देश अनुसंधान केंद्र संचालित हैं। लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बढ़ती शक्ति प्रतिस्पर्धा और बीजिंग की मुखर विदेश नीति और निगरानी क्षमताओं के बारे में पश्चिमी चिंताओं के बीच चीन की सुविधाओं के संभावित दोहरे उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने करीब एक दशक पहले पहली बार दक्षिणी गोलार्ध को श्समझने, संरक्षित करने और इस्तेमाल करनेश की अपनी योजनाओं का खुलासा किया था। तब से यह चीन के ध्रुवीय निर्माणों का स्लोगन बन गया क्योंकि चीन अपने चार मौजूदा रिसर्च बेस पर लगातार विस्तार कर रहा है।

# दुनिया का सबसे अमीर शहर कौन सा है? रहते हैं 3,40,000 करोड़पति, भारतीय शहरों की ये है स्थिति

हेनले एंड पार्टनर्स ने 340,000 करोड़पतियों के साथ न्यूयॉर्क को दुनिया के सबसे धनी के रूप में सूचीबद्ध किया, जबकि दो अन्य अमेरिकी सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र और लॉस एंजिल्स को तीसरे और छठे स्थान पर रखा गया। टोक्यो, पिछले दशक में दुनिया का सबसे धनी शहर, 290,300 करोड़पतियों के साथ दुनिया का दूसरा सबसे धनी शहर है। लंदन, अपने 258,000 निवासी एचएनडब्ल्यूआई के साथ चौथे स्थान पर आ गया। सिंगापुर, जिसे दुनिया के सबसे व्यापार–अनुकूल शहरों में से एक माना जाता है, 240,100 निवासी करोड़पतियों के साथ 5वें स्थान पर है। फर्म द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई शहर सिडनी



126,900 करोड़पतियों के साथ 10वें स्थान पर है और शहर के 2040 तक वैश्विक शीर्ष 5 सबसे धनी शहरों में शामिल होने का अनुमान जताया गया है। हांगकांग (129,500 करोड़पति), बीजिंग (128,200), और शंघाई (127,200) क्रमशः 7वें, 8वें और 9वें स्थान पर रहे। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ष्बीजिंग और शंघाई दोनों पिछले एक दशक में रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं, लेकिन हांगकांग में गिरावट आई है, जो 2012 में चौथे स्थान से गिरकर वर्तमान में 7वें स्थान पर आ गया है। फर्म द्वारा भारत के आर्थिक केंद्र मुंबई को 21वां स्थान दिया गया। रैंकिंग के अनुसार, मुंबई में 59,400 एचएनडब्ल्यूआई, 238 सेंटी–करोड़पति (100 मिलियन डॉलर या उससे अधिक की संपत्ति वाले व्यक्ति) और 29 अरबपति हैं। भारतीय राजधानी नई दिल्ली 30,200 एचएनडब्ल्यूआई, 121 सेंटी–करोड़पति और 16 अरबपतियों के साथ 36वें स्थान पर है। इस बीच, टेक और स्टार्ट–अप बेंगलुरु में 8 अरबपति हैं, हैदराबाद में 5 अरबपति हैं और कोलकाता में 7 अरबपति हैं।

# पीएम मोदी ने किया जो काम, वही कदम पहुंचाएगा चीन को आराम, रूस के सहारे दुनिया में छाने की तैयारी में जिनपिंग

जब से रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रहा है तभी से भारत और रूस की दोस्ती पर भी चर्चा हो रही है। भारत ने जंग का समर्थन तो नहीं किया लेकिन दबाव के बावजूद रूस का साथ भी नहीं छोड़ा। रूस ने भी दोस्ती का फर्ज निभाया और भारत को सस्ता तेल दिया। रूस से इस तेल सप्लाई को रोकने के लिए पश्चिमी देशों ने भारत को ज्ञान, नसीहत, धमकी सब दी। लेकिन आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि रूस से भारत को जो सस्ता तेल मिला उसका क्या हुआ? भारत ने सबसे पहले रूस से मिले सस्ते कच्चे तेल को रिफाइन किया। उससे डीजल और जेट फ्यूल बनाया। फिर उसके बाद ये डीजल और जेट फ्यूल यूरोप को ही बेच दिया। कुल मिलाकर कहें तो भारत रूस का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया है। वैसे तो चीन दुनिया का सबसे बड़ा क्रूड ऑयल सप्लायर है और उसके बाद भारत का नाम आता है। लेकिन रूसी क्रूड चीन के मुकाबले भारत में अधि ाक आ रहा है और इसकी वजह से उसे अपने महंगाई के आंकड़ों को सुधारने में मदद भी मिली है। अब इसी नक्शेकदम पर चीन भी चलने जा रहा ही और इसकी शुरुआत भी उसने कर दी है। जीरो कोविड पॉलिसी के बुरी तरह फेल होने की वजह से चीन आर्थिक मोर्चे पर बुरी तरह ध्वस्त है। ऐसे में उसे रिकवरी के लिए विभिन्न मोर्चों पर मदद की दरकार है। ऐसे में रूसी तेल चीन की काफी मदद कर सकते हैं। मौजूदा समय में रूस प्रतिबंधों की वजह से सस्ता क्रूड ऑयल बेच रहा है। ट्रैंकर कंसल्टेंसी वोरटेक्सा और केप्लर के अनुमान के अनुसार लगभग 43 मिलियन बैरल रूसी कच्चा तेल मार्च के महीने में चीन पहुंचा है। इस आंकड़े के 50 मिलियन तक जाने का अनुमान है। रूबल दुनिया में मौजूदा समय में प्रतिबंधित है। जिसकी वजह से चीन ने रूस को युआन में ट्रेडिंग करने की इजाजत दी है। खुद पुतिन ने मार्च के महीने में एक कार्यक्रम के दौरान युआन में ट्रेडिंग को मंजूरी देते हुए इसे ग्लोबल करेंसी की मान्यता दी है। अब रूस अफ्रीकी, साउथ अमेरिकी मिडिल ईस्ट देशों के साथ युआन में ट्रेडिंग कर सकेगा। युआन में ट्रेडिंग की वजह से दुनिया में चीनी करेंसी की डिमांड में इजाफा होगा और डॉलर के मुकाबले उसकी वैल्यू में इजाफा होगा।

# हमसे लड़ना बंद करो वरना... पाक पुलिस को तालिबान ने वीडियो जारी कर धमकाया

12 साल पहले अमेरिका की विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि अपने घर के पीछे पड़ोसियों के



लिए सांप मत पालो। एक दिन ये सांप तुम्हें ही डसेगा। लेकिन तब पाकिस्तान को आंतक फैलाना था। अब पाकिस्तान के साथ यही हो रहा है कि उसका पाला हुआ सांप उसे ही डस रहा है। उस सांप का नाम है तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी जो इन दिनों पाकिस्तान के लिए सिर दर्द बना हुआ है। पाकिस्तान वैसे तो आतंकियों का सबसे महफूज पनाहगाह है, इस बात से तो पूरी दुनिया वाकिफ है। हाल ही में आतंकी संगठन टीटीपी ने एक वीडियो जारी किया है और इसके जरिए पाकिस्तान को चेतावनी भी दे डाली है। पाकिस्तानी तालिबान ने बिगड़ती सुरक्षा और आर्थिक स्थिति के बीच आतंकवादी समूह से लड़ना जारी रखने पर देश की पुलिस को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। एक वीडियो संदेश में टीटीपी ने पुलिस से आतंकवाद के खिलाफ युद्ध बंद करने और पुलिस बल प्रयोग को छोड़ने की मांग की है। पाक पुलिस को भेजे वीडियो संदेश में टीटीपी ने पुलिसकर्मी से युद्ध से दूर रहने को कहा है। बता दें कि इन दिनों पाकिस्तान के दो राज्यों खैबर पख्तूनवा और बलूचिस्तान दोनों ही जगहों पर विद्रोह भड़का हुआ है। बलूचिस्तान आजादी मांग रहा है तो केपीके यानी खैबर के पश्तून पाकिस्तान पर ही कब्जा चाहते हैं। पंद्रह साल पहले पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान ने ष्अच्छेष और ष्बुरेष तालिबान की संज्ञा दुनिया के सामने रखी थी। अच्छे तालिबान अफगान तालिबान और अन्य समूह थे, जिनमें सुन्नी चरमपंथी समूह शामिल थे और व्यापक अर्थों में जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा सहित क्षेत्र में पाकिस्तान के हितों की सेवा करने वाले समूह शामिल थे। जबकि टीटीपी को बुरे तालिबान की श्रेणी में रखा गया।

# 20 जोनल व 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए

देवरिया। नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दो नगर पालिका परिषद व 15 नगर पंचायत को 20 जोन में विभक्त कर 20 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 43 सेक्टर में विभक्त कर 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त आरक्षित के लिए सात–सात जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद देवरिया को तीन जोन में विभक्त कर एसडीएम सदर सौरभ सिंह, डिप्टी कलेक्टर देवरिया महेंद्र तथा प्रभागीय निदेशक वन विभाग जगदीश आर को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। आठ सेक्टर में विभक्त कर पशु चिकित्सा अधिकारी डा .रामसहाय, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. रामश्याम सिंह, राज्य कर अधिकारी सुधीर कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार त्रिपाठी, सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह यादव, राज्य कर अधिकारी रुद्रेश कुमार चौबे, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. दिग्विजय यादव, राज्य कर अधिकारी राम रहस्य को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका गौरा बरहज को दो सेक्टर में विभक्त कर एसडीएम बरहज योगेश कुमार व असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर आशीष कुमार को जोनल मजिस्ट्रेट तथा पांचसेक्टर में विभक्त कर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. धोबी रौनक राजेश, चिकित्साधिकारी डा योगेंद्र कुमार, चिकित्साधिकारी डा. प्रभात कुमार राय, चिकित्साधिकारी डा. विशाल चौधरी व चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

15 नगर पंचायतों को एक–एक जोन तथा दो–दो सेक्टर में विभक्त किया गया है। नगर पंचायत गौरी के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग मनोज कुमार पांडेय को जोनल तथा चिकित्साधिकारी डा. कैलाश चंद्र वर्मा व चिकित्साधिकारी डा. सिंहासन को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। रामपुर कारखाना के लिए प्रवक्ता सिविल राजकीय पौलिटेक्निक देवरिया रजनीश कुमार को जोनल एवं चिकित्साधिकारी डा संजीव कुमार गुप्ता व डा धीरेंद्र कुमार पांडेय को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। रुद्रपुर के लिए एसडीएम रुद्रपुर ध्रुव शुक्ला को जोनल एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी अनुज कुमार व चिकित्साधिकारी अभिषेक आनंद को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। भाटपाररानी के लिए एसडीएम भाटपाररानी संजीव कुमार को जोनल एवं चिकित्साधिकारी डा ज्ञानचन्द कुमार मौर्य व डा दुर्गेश सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

सलेमपुर के लिए एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार को जोनल एवं पशु चिकित्साधिकारी डा सुनील कुमार व चिकित्साधिकारी डा संजय कुमार सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। लार हेतु उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा सुशील कुमार को जोनल एवं पशु चिकित्साधिकारी सुरेश कुमार यादव व चिकित्साधिकारी डा जोगेश्वर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। मझौलीराज के लिए प्रवक्ता सुनील कुमार गौतम को जोनल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार व डा दिनेश कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। भटनी के लिए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा नागेंदर कुमार को जोनल एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी कौशल किशोर तिवारी व चिकित्साधिकारी डा सजन राय को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। बरियारपुर हेतु उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामधारी राम को जोनल एवं राज्य कर अधिकारी हरिसरण मणि त्रिपाठी व चिकित्साधिकारी डॉ. गोविन्द कुमार वर्मा को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पथरदेवा के लिए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा रोजश मोहन एवं चिकित्सा अधिकारी डा अखिलेश कुमार सिंह व डॉ. रुद्र प्रताप सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

बैतालपुर के लिए प्रवक्ता सत्येन्द्र कुमार को जोनल एवं चिकित्सा अधिकारी डा केशव प्रसाद व डॉ. अभिषेक नारायण को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। तरकुलवा हेतु प्रभारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डा रजनीश श्रीवास्तव को जोनल एवं चिकित्सा अधिकारी डा एनपीएन सिंह व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी डा निदेश कुमार चौरसिया को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। हेतिमपुर के लिए विभागाध्यक्ष विद्युत राजकीय पालिटेक्निक दिनेश कुमार गौतम को जोनल एवं पशु चिकित्साधिकारी डा जितेंद्र चौहान व चिकित्साधिकारी डा शंभू को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। मदनपुर के लिए प्रवक्ता आर्किटेक्चर राजकीय पालिटेक्निक उमाशंकर को जोनल एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डा राजीव प्रजापति व चिकित्साधिकारी डा रवि प्रकाश को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत भलुअनी हेतु प्रवक्ता सुधीर कुमार सिंह को जोनल एवं चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र व डा राहुल कुमार कृष्णा को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## पालिका के तीन, पंचायत अध्यक्ष दो वाहनों से कर सकेंगे प्रचार

देवरिया। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव में पदवार प्रचार वाहनों की संख्या निर्धारित की है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तीन व नगर पंचायत अध्यक्ष के उम्मीदवार दो वाहनों से प्रचार–प्रसार कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त प्रचार वाहन मिलने पर संबंधित प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई होगी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार, मतदान व मतगणना के लिए वाहन पास निर्धारित प्रारूप पर निर्गत किए जाएंगे। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर से प्रार्थना पत्र अग्रसारित कराकर वाहन का प्रकार, रजिस्ट्रेशन के कागजात, चालक का नाम, नगरीय निकाय का नाम प्रत्याशी का नाम गाड़ी संख्या तथा प्रत्याशियों के राजनैतिक दलों से संबद्धताधनिर्दलीय का विवरण देना होगा। उप जिला मजिस्ट्रेट को प्रचार–प्रसार, सभा व वाहन पास निर्गत करने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रत्याशी वाहन पास वाहन के आगे शीशे पर चिपका कर चलेंगे। या जायेगा वाहन पास जारी करने बाले अधिकारी प्रतिदिन जारी किए गए वाहन पास की छाया प्रति पुलिस अधीक्षक के यहां भेजेंगे। नगर पालिका व नगर पंचायत के सदस्य पद के उम्मीदवार दो पहिया सहित एक वाहन से प्रचार–प्रसार की छूट रहेगी।

## तीन बदमाशों ने दिया था घटना को अंजाम, एक गिरफ्तार

देवरिया। लार थाने का हिस्ट्रीशीटर बृजेश सिंह हत्याकांड के खुलासे के करीब पुलिस पहुंच चुकी है। घटना को तीन शातिर बदमाशों ने अंजाम दिया था। पुलिस यह जानने में जुटी हुई है कि घटना का कारण क्या है। एक बदमाश पुलिस की हिरासत में है। जबकि दो अन्य की पुलिस तलाश कर रही है। लार कस्बा के बौली वार्ड निवासी बृजेश सिंह का शव रविवार को तुर्तीपार रेलवे स्टेशन परिसर से मिला था। हिस्ट्रीशीटर बृजेश की हत्या सिर कूंच कर की गई थी। सोमवार को पहचान होने के बाद एसपी ने एसओजी और अन्य पुलिस कर्मियों को खुलासे के लिए लगाया। पुलिस सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो बृजेश सिंह की हत्या में तीन बदमाश शामिल हैं। जिसके खिलाफ पुलिस रिकार्ड में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। मंगलवार को पुलिस ने एक बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो घटना में अहम सुराग मिल गया। उसने एक बदमाश का नाम बताया है। जिसने बृजेश के सिर पर ईंट से प्रहार कर हत्या की है। सभी बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लग पाए हैं, इस कारण पुलिस अभी खुलासा नहीं करना चाहती है। पुलिस के अफसरों को भरोसा है कि घटना में मिले अहम सुराग के जरिए जल्द ही बृजेश के कातिल तक पुलिस पहुंच जाएगी। कारण के बारे में अभी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। पुलिस दो बिंदु आशनाई और आपसी विवाद को केंद्र में मानकर जांच का दायरा बढ़ा रही है। पुलिस को कहीं से भनक लगी है कि हिस्ट्रीशीटर ने खाने–पीने के दौरान अपने कुछ साथियों से नोंकझोक कर लिया था। इसको लेकर भी विवाद हो सकता है, क्योंकि जिन बदमाशों का नाम सामने आ रहा है वह घटना के दिन बृजेश के पास देर रात तक मौजूद रहे हैं। इससे पुलिस का शक विश्वास में बदलता जा रहा है।

## झोपड़ी में लगी आग में घर का मुखिया झुलसा

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम बड़का गांव दुबे में सोमवार की रात अज्ञात कारणों से चंदन प्रसाद की झोपड़ी में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान चंदन झुलस गया। उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया। आसपास के लोगों ने पंपिंग सेट चला कर आग बुझाई। इसमें हजारों का सामान जलकर राख हो गया। चंदन प्रसाद के घर के लोग रात्रि में सोए थे। घर के बगल में उनकी एक झोपड़ी थी। जिसमें काफी सामान रखा गया था। झोपड़ी में अचानक आग लग गई। झोपड़ी जलती देख लोगों की नींद खुली। आग की लपट और चिंगारी जंगले के रास्ते घर में घुस गई और घर के अंदर का सामान भी जलने लगा। आग में बिछावन, कपड़ा, चारपाई, चौकी अनाज सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद मंगलवार की सुबह हल्का लेखपाल ने पहुंचकर रिपोर्ट तहसील को सौंप दी। तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट मिल गई है। पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## टिकट न मिलने नाराज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया

फरेंदा। नगर निकाय चुनाव में पार्टी से टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता पार्टी के जनप्रतिनिधियों पर अपना गुस्सा उतार रहे हैं। लोगों ने पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। आनंदनगर नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी के टिकट की घोषणा होते ही विरोध के सुर तेज हो गए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अयूब, रविंद्र श्रीवास्तव व विनीत मणि ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध किया। नगर पंचायत आनंदनगर में कांग्रेस पार्टी से मोहम्मद अयूब ने कहा कि वर्ष 1997 से स्वयं व पत्नी तनवीर पार्टी की सक्रिय सदस्य रहीं। नगर निकाय के चुनाव के टिकट बंटवारे में पार्टी ने गाइडलाइन के विपरीत दूसरे पार्टी को छोड़कर आए व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया गया, जो कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय है। रविंद्र श्रीवास्तव ने कहा पार्टी के सक्रिय सदस्यों के साथ विश्वासघात किया गया है। इसका परिणाम पार्टी के प्रत्याशी को विरोध से चुकाना पड़ेगा। विनीत मणि ने कहा काफी दिनों से पार्टी की सेवा करते हुए कांग्रेस के योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए कार्य करता रहा। लेकिन नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है।

## रोडवेज बस की चपेट में आने से बीए के छात्र की मौत

फरेंदा। भैया फरेंदा बैकुंठपुर में परीक्षा देने जाते समय फरेंदा बाईपास पर रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, छात्र की मौत की खबर परिजनों को मिली तो सभी को रो–रोकर बुरा हाल हो गया। फरेंदा थाना क्षेत्र के मथुरानगर के फुलवरिया निवासी नीरज विश्वकर्मा (20) मंगलवार की सुबह बैकुंठपुर पीजी कॉलेज में बीए तृतीय की परीक्षा देने जा रहे थे। अभी घर से कुछ ही दूर बाईपास पुल पर पहुंचे। सोनौली से गोरखपुर जा रही रोडवेज बस की चपेट में आ गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए। जहां पर इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत की खबर गांव में मिलते ही पूरा गांव शोक में डूब गया। परिजन का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रोडवेज बस पुलिस के कब्जे में है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कुशीनगर व संत कबीर नगर के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

महराजगंज। जवाहर नवोदय समिति की बालक वर्ग की दो दिवसीय उप संभागीय स्तर की स्पर्धा का समापन हुआ। स्पर्धा में कुशीनगर व संतकबीर नगर के खिलाड़ियों ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। अंडर–14 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मिर्जापुर के आरिज अली ने पहला, मऊ के अंकित यादव ने दूसरा व बस्ती के हेमंत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में बस्ती के हेमंत ने पहला, सुल्तानपुर के नितिन जायसवाल ने दूसरा व महराजगंज के करन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में मऊ के आनंद ने पहला, सिद्धार्थनगर के राजन यादव ने दूसरा व चंदौली के ऋषभ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर में कुशीनगर के राज ने पहला, महराजगंज के प्रवीण ने दूसरा व मऊ के आनंद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस में गाजीपुर के चंद्रेश यादव ने पहला, मऊ के आदित्य ने दूसरा व कुशीनगर के राज सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर–17 आयु वर्ग के इन खिलाड़ियों ने दिखाया दमः 100 मीटर दौड़ में मिर्जापुर के दिलीप ने पहला, जौनपुर के विशाल ने दूसरा व संतकबीर नगर के विशाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में बलिया के विनोद ने पहला, संतकबीर नगर के विनीत ने दूसरा व मिर्जापुर के अरुण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में संतकबीर नगर के विशाल ने पहला, अमेठी के आदर्श शुक्ला ने दूसरा व गोरखपुर के मंतोष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर में संतकबीर नगर के विनीत ने पहला, गोरखपुर के मंतोष ने दूसरा व सोनभद्र के अंकित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 1500 व 3000 मीटर में सुल्तानपुर के आनंद पटेन ने पहला व कुशीनगर के शुभम गुप्ता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर–19 आयु वर्ग में भी खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

200 मीटर में संतकबीर नगर के संदीप ने पहला, महराजगंज के प्रशांत कुमार ने दूसरा व आंबेडकर नगर के आयुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर में संतकबीर नगर के नीरज ने पहला, बलिया के रजनीश ने दूसरा व बस्ती के सुमित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में कुशीनगर के नरेंद्र ने पहला, बलिया के रजनीश ने दूसरा सोनभद्र के ओम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

पांच किलोमीटर पैदल चाल में भदोही के धनश्री राम ने पहला, आंबेडकर नगर के सत्यम ने दूसरा व महराजगंज के आदित्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

संभाग स्तरीय स्पर्धा में हिस्सा लेंगे 27 खिलाड़ी

संभाग स्तरीय स्पर्धा में नवोदय विद्यालय वाराणसी उप संभाग के कुल 27 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। फर्रुखाबाद में होने वाली इस स्पर्धा के लिए वे वाराणसी उपसंभाग की टीम के रूप में हिस्सा लेंगे।

शारीरिक विकास में खेल का योगदान अहम

शारीरिक विकास में खेल का योगदान अहम है। खिलाड़ी पूरे मनोयोग से अपनी खेल क्षमता को प्रदर्शित करें। ये बातें जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राय ने मंगलवार को समापन के दौरान कहीं। इस दौरान शिक्षक प्रदीप शर्मा, शारीरिक व्यायाम शिक्षक अभिजीत सिंह, धैर्या वर्मा, राकेश चतुर्वेदी, अभ्युदय सिंह, प्रवीण यादव, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मामूली सी विवाद को लेकर मार पीट, ईलाज के दौरान हुई मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। मामूली सी विवाद को लेकर कुछ दबंगों नें सुरेश पुत्र अमरनाथ को इतना मारा की ईलाज के दौरान गोरखपुर हॉस्पिटल में हुई मौत। दिलदार नगर कोईरी पुर का रहने वाला था सुरेश,कंपेयर गंज हॉस्पिटल में सुरेश के पत्नी का ऑपरेशन हुआ था अपनी पत्नी से हॉस्पिटल में मिलने जा रहा था सुरेश तभी गणेशपुर जैसे ही पहुंचा एक बुजुर्ग उसके गाड़ी के सामने आ गया सुरेश के गाड़ी से उसको ठोकर लग गई जिससे बुजुर्ग रास्ते में गिर गया हल्की–फुल्की उसको चोट आई इसी मामले को लेकर के गणेश बुर्के कुछ दबंगों द्वारा शुरु इसकी इतनी पिटाई की गई कि गोरखपुर हॉस्पिटल में इलाज दौरान वहीं पर मौत हो गई। आज फरेंदा थाने पर मृतक सुरेश की डेड बॉडी को लेकर के दिलदारनगर कोइरीपुर ग्राम सभा के रहने वाले लोगों ने धरना प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन के बहुत ही समझाने बुझाने के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ, काफी संघर्ष के बाद ग्रामीणों को शांत करवाया गया वहीं पर भारी बल के साथ पुलिस तैनात थी मौके पर महाराजगंज से पुलिस महिलाएं भी वहां पर मौजूद थीं।

### बड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने सड़क जाम को खत्म किया

सुरेश के बड़े चाचा के लड़के सुनील कुमार पिता जगन्नाथ ने सारी बात मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वह सब से गणेशपुर ढाले का रहने वाला है जिसका नाम हमको तो पता नहीं है मगर जानकारी हमको है गणेशपुर में वह पहुंचा था उसके गाड़ी से किसी को ठोकर लग गई उसी ठोकर को लेकर के लोगों ने सुरेश को इतना मारा कि गोरखपुर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, इंसाफ के लिए हम लोगों ने फरेंदा थाने पर बॉडी को लेकर के पहुंचा जहां पर लोगों ने आश्वासन दिया कि उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी आप लोग शांति व्यवस्था कायम रखें। समाचार लिखे जाने तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई थी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। मृतक सुरेश की साली उर्मिला ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी बाइट दी।

## पागल कुत्ते ने बालिका समेत छह लोगों को काटकर किया घायल

महराजगंज/निचलौल। थाना क्षेत्र के बैदौली गांव में एक पागल कुत्ते के कारण दहशत का माहौल है। मंगलवार को गांव के बनरहिया और छोटकीबारी टोले पर पागल कुत्ते ने बालिका समेत छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। कुछ लोग कुत्ते के डर से भागने के दौरान गिरने से चोटिल हो गए। सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। बालिका की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जबकि अन्य का इलाज अस्पताल में रहा है। जानकारी के मुताबिक, बैदौली गांव के टोला छोटकीबारी निवासी आंचल कुशवाहा (12) सुबह करीब आठ बजे स्कूल जाने के लिए निकली थी। दरवाजे पर ही पागल कुत्ते ने आंचल के ऊपर हमला बोल दिया। जिस दौरान आंचल की आवाज सुन परिजन जब तक दरवाजे पर आकर कुछ समझ पाते कि कुत्ते ने आंचल के चेहरे को पूरी तरह से जख्मी कर दिया। उसके बाद वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ी। मुरारी (48) ने बताया कि घर से कुछ दूर सड़क के किनारे बालू गिरा था। जिसे बोरे में भर रहे थे। इसी बीच दौड़ते हुए अचानक एक कुत्ते ने आकर हमला बोल दिया। जिस दौरान बचाव करने के दौरान कुत्ते ने दाहिने हाथ की दो अंगुलियों को काट जख्मी कर दिया।

वहीं, बनरहिया निवासी सुग्रीव चौहान (40) ने कहा कि घर से कुछ दूर स्थित खेत में पत्नी सुनीता देवी (38) के साथ सब्जी तोड़ने गए थे। इसी बीच एक कुत्ते ने दौड़ते हुए आकर हमला बोल दिया। कुत्ते से बचाव के लिए प्रयास कर रही पत्नी सुनीता पर भी कुत्ते ने हमला बोल दिया। इस दौरान दोनों दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। रघुबीर (60) व आकाश चौहान (17) पेड़ की छांव में बैठे थे। इसी दौरान कुत्ते ने हमला बोल जख्मी कर दिया। बालिका आंचल की हालत गंभीर बनी हुई है। तहसीलदार वाचस्पति सिंह ने कहा कि गांवों में आवारा कुत्तों को नियंत्रण में रखने के लिए ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी होती है। घटना की जानकारी नहीं थी। सूचना मिलते ही कुत्ते को पकड़ने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है।

इसलिए कुत्ते हो जाते हैं हिंसक

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राम सखा सिंह ने कहा कि कुत्तों की बढ़ती तादाद इसकी सबसे बड़ी वजह है। क्योंकि, कुत्तों की आबादी बढ़ रही है। उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाना नहीं मिल रहा। एक कुत्ते को दिनभर में भूख मिटाने के लिए 5–6 रोटियों की जरूरत होती है, लेकिन आबादी बढ़ने की वजह से उन्हें पर्याप्त खाना नहीं मिल रहा और वे हिंसक हो रहे हैं। दूसरी वजह है कि खतरा महसूस होने पर भी कुत्ते आक्रामक होते हैं। इसके अलावा शोर, ट्रैफिक, प्रदूषण, कचरे से मांसाहारी खाने का चस्का लगना कारण है। इससे कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

कुत्ते के भय से गांव की सड़कें रही सूनी ग्रामीण अमन, अजय, जयगिरिश, राजा, पट्टू सेठ आदि ने कहा कि पागल कुत्ता एक दूसरे पर हमला बोलने के दौरान लगातार हिंसक होता चला जा रहा है। इससे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए घरों का दरवाजा बंद कर घरों में कैद रहना मजबूरी बन गई है। साथ में कुछ लोग लाठी–डंडों के साथ गोलबंद होकर बच्चों की सुरक्षा में दरवाजों पर बैठे रहे।

### आठ व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिले

महराजगंज। जिले में मंगलवार को आठ व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिले हैं। अब 10 केस सक्रिय हो चुके हैं। सभी होमआइसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमितों की निगरानी की जा रही है। मंगलवार को 99 सैंपल की जांच की गई। यह जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केपी सिंह ने बताया कि मिठौरा, घुघली व परतावल में दो–दो व सिसवा व लक्ष्मीपुर ब्लॉक में एक–एक संक्रमित मिले हैं। कहा कि कोरोना से बचाव के लिए सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

### 12 बजे तक खुलेंगे आठ तक के विद्यालय

महराजगंज। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिले में तापमान में दिन–प्रतिदिन हो रही बढ़ोतरी, चल रही लू व अत्यधिक गर्मी को देखते हुए कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों की समयसारिणी परिवर्तित कर दी है। अब विद्यालय सुबह साढ़े सात बजे से 12 बजे तक खुलेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश का पालन करने के लिए कहा है।

## कैंट थाना प्रभारी के नेतृत्व में पैदल गस्त कर क्षेत्र की जनता को दिलाया गया सुरक्षा का एहसास

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। आगामी नगर निकाय चुनाव और नगर पंचायत चुनाव के एवं



माफिया ब्रदर्स के हत्या होने के बाद पूरे यूपी में अलर्ट के बाद धारा 144 लगा दिया गया है जिसके मद्देनजर गोरखपुर एसएसपी के आदेशानुसार जनपद के सभी थाना प्रभारी चौकी प्रभारियों को जनपद में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण सील रह कर क्षेत्र के लोगों से राजा तत्वों के बारे में जानकारी लेकर उन पर कार्रवाई किया जाए जिससे जज्बे कानून व शांति व्यवस्था कायम रह सके उसी क्रम में याद कैंट थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर चौकी से लेकर आरकेबीके विंध्यवासिनी पार्क यूनिवर्सिटी चौराहा सिटी मॉल गणेश चौराहा गोलघर होते हुए शास्त्री चौक से अंबेडकर चौक तक पैदल गस्त किया गया और इस दौरान लोगों से बातचीत कर उन्हें भ्रामक अफवाह फैलाने वाले बातों पर ध्यान न देने की बात कहीं गई और ऐसे लोगों के बारे में जानकारी देने की बात कही गई जिससे उन पर कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखा जा सके। इस दौरान मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी सुधांशु सिंह यूनिवर्सिटी चौकी प्रभारी अमित चौधरी एवं अन्य उप निरीक्षक व महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी ने 14 अधिकारियों को दिया नोटिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनसुनवाई–समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिथिलता बरतने पर 14 अधिकारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी किया है, जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि आनलाईन एवं ऑफलाईन प्राप्त होने वाले प्रार्थना–पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण जिन अधिकारियों द्वारा नहीं किया जाता है, ऐसे शिकायतें पुनः प्राप्त होती है और उसका फीडबैक असंतोषजनक रहता है, असंतोषजनक फिडबैक प्राप्त होने वाले अधिकारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, जिनमें उप निदेशक कृषि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी–राबर्ट्सगंज, खण्ड विकास अधिकारी दुद्धी, खण्ड विकास अधिकारी घोरावल, खण्ड विकास अधिकारी नगवां, खण्ड विकास अधिकारी चतरा, खण्ड विकास अधिकारी चोपन, ए0डी0ओ0 पंचायत घोरावल, ए0डी0ओ0 पंचायत राबर्ट्सगंज, बाल विकास अधिकारी घोरावल, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिथिलता बरतने पर, फिडबैक बेहतर प्राप्त न होने पर जिला आबकारी अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप निदेशक कृषि, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धन सहकारिता, जिलापूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रम परिवर्तन अधिकारी, प्रभारी वनाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला समन्वयक कौशल विकास सोनभद्र, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षक, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिकाध्नगर पंचायत, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार सोनभद्र का शिकायतों के निस्तारण में फिडबैक बेहतर न पाये जाने पर और जनपद की रैकिंग प्रभावित होने पर माह अप्रैल, 2023 का एक दिन का वेतन भुगतान पर रोक लगायी जाती है।

## स्वास्थ्य बिभाग के कार्यकर्तिओ को जिलाधिकारी नें दिया प्रमाणपत्र



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की, जिला प्रशासन के सहयोग से शिशु एवं मात मृत्यु दर तथा कुपोषण की रोकथाम के लिए एक विशेष पहल के तहत विकास भवन में आई0सी0डी0एस0 व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकत्रितयों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा ''शिशु एवं छोटे बच्चों को आहारपूर्ति, अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबन्धान, मातृत्व पोषण, नवजात शिशुओं की देख–भाल तथा वृद्धि निगरानी'' विषयक जनपद में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकत्रितयों को प्रमाण–पत्र का वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

## कचनरवा गांव में वितरित की गयी आर0ओ0 किट के प्रयोग का कराया गया भौतिक सत्यापनः जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया कि कोन ब्लाक के कचनरवा गांव में वितरित की गयी आर0ओ0 किट का भौतिक सत्यापन ए0डी0ओ0 पंचायत के माध्यम से कराया गया, कचनरवा गांव में लगभग 33 लोगों को आर0ओ0 किट का वितरण किया गया था, जिसमें से 25 परिवारों के लोग आर0ओ0 रिमूवल किट का नियमित रूप से प्रयोग कर रहे हैं और उससे लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें से 8 परिवार के लोगों द्वारा आर0ओ0 किट का प्रयोग नहीं किया जा रहा था, उन्हें भी रिमूवल किट के प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया और इससे होने वाले लाभ के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस दौरान लोगों को बताया गया कि नियमित रूप से पानी की गुणवत्ता को परखें, ताकि पीने वाले पानी में गंदगी न रहें और नागरिकगण स्वस्थ्य रहें साथ ही उसका मरम्मत इत्यादि का कार्य समय से कराया जाये।

## इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिवीजन रेनूकुट में कार्यक्रम का उद्घाटन कर लोगो को किया गया जागरुक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बुद्धवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिवीजन रेनूकुट में अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के तहत जागरुकता अभियान कार्यक्रम



"राष्ट्रीय अवसंरचना के विकाश के लिये अग्नि सुरक्षा में जागरुकता" चलाया गया। शासन की मंशा के अनुरुप यह कार्यक्रम 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि से सुरक्षा व बचाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा लोगो के साथ बैठक करके उन्हें अग्नि से बचाव के लिए जागरुक किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को बताया कि आग लगने पर किन–किन बातो पर ध्यान रखना चाहिये कैसे आग लगने से बचाव किया जाए एवं आग को लेकर पुलिस की क्या संरचना है क्या अधिनियम है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी पिपरी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण एवं ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## संदिग्ध प्रमाणपत्रों वाले शिक्षकों पर जांच की आंच, संदेह होने पर दो को किया निलंबित

देवरिया। शिक्षक भर्ती में फर्जीवाड़े को लेकर पिछले तीन माह से मंद पड़ी जांच की आंच में तेजी देखी जा रही है। इधर तरकुलवा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा के एक शिक्षक का प्रमाणपत्र संदिग्ध पाए जाने पर उसे निलंबित कर दिया गया है। इधर, भागलपुर क्षेत्र के एक प्रधानाध्यापक के प्रमाणपत्र भी संदिग्ध पाए जाने पर उसके खिलाफ जांच प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। जल्द ही उस पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर जनपद लगातार शासन की रडार पर रहा है। विभिन्न ब्लॉकों में अब भी कई ऐसे शिक्षक हैं, जिनके खिलाफ हुई शिकायतों की जांच चल रही है। जांच प्रक्रिया के तहत उनके वेतन पर रोक लगा दी गई है। वहीं कुछ को अनंतिम नोटिस भी जारी किया गया है। ऐसे में इन शिक्षकों की रातों की नीद उड़ी हुई है। बीते जनवरी व दिसंबर माह में एक–एक शिक्षकों को सेवा से बाहर का रास्ता भी दिखाया जा चुका है। इसमें 16 दिसंबर को गौरीबाजार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के प्रधानाध्यापक रामसमुझ को एवं छह जनवरी को इसी क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय अकटहिया के सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार को किसी अन्य के शैक्षिक प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी पाने का दोषी सत्यापन प्रक्रिया में पाया गया था। मानव संपदा पोर्टल पर किसी अन्य के शैक्षिक प्रमाणपत्रों से इनके प्रमाणपत्र मैच हुए तो इनकी पोल खुली और तब इनके खिलाफ जांच की कार्रवाई तेज हुई। जांच की आंच में इधर दो और शिक्षकों के आने के बाद इन्हें निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश हुआ है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत–मुबारकपुर**
**विकास खण्ड–करमा, जनपद सोनभद्र**

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **मुबारकपुर** में वित्तीय वर्ष 2023–2024 में बी०आर०जी०एफ०/जिला योजना अन्तर्गत/स्वछ भारत मिशन क अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य/मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त एवं अन्य प्राप्त निधियों द्वारा धनराशि से निमार्ण कराये जाने हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यस्थल पर सामाग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 28.04.2023 तक 10 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकतें है। जिसे दिनांक–28.04.2023 को ही 01 बजे समिति टेण्डर दाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष खोला जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितिय श्रेणी | प्रति हजार |
| 2. | इण्टरलाकिंग ईट | प्रतिनग |
| 3. | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति धनमीटर |
| 4. | मोरंग | प्रति धनमीटर |
| 5. | सीमेन्ट | प्रतिबोरी |
| 6. | गिट्टी सोलिंग 40–90/40–50/45–90 एन०एम० | धनमीटर |
| 7. | डाला गट्टी–सभी साइज प्रति | धनमीटर |
| 8. | सरिया | प्रति कुंतल |
| 9. | हैडपंप/रिबोर सामाग्री | प्रतिनग |
| 10. | जे०सी०बी०/कन्प्रेसर/मेव्चर मशीन | प्रति घण्टा |
| 11. | टैक्टर द्वारा मिट्टी की ढुलाइ | प्रति ट्रैक्टर |
| 12. | बोल्डर ढोका 6.9 इंच | प्रतिनग |
| 13. | ह्यूम पाईप | प्रति धनमीटर |
| 14. | फावड़ा, गोइता, तगाड़ी पन्नी | प्रतिनग |
| 15. | स्ट्रीट लाईट/वायरिंग सामाग्री सोलर लाईट पैनल सहित | प्रतिनग |
| 16. | शौचालय दरवाजा, सीट, पत्थर | प्रतिनग |
| 17. | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर,प्राइमर, डी०पी०सी० पाउडर आदि | प्रतिनग |
| 18. | पानी का टैंकर/समरसेबुल | अदद |
| 19. | लोहे का दरवाजा/एल्मुनियम का दरवाजा | कुंतल अदद |
| 20. | स्टोन ड्रस्ट | प्रति धनमीटर |
| 21. | बिजली वायरिंग से सम्बन्धित सामाग्री | प्रतिनग |
| 22. | रिबोर से सम्बन्धित सामाग्री। | |
| 23. | स्वछता सम्बन्धित किट। | |

**प्रतिबन्ध एवं शर्ते–** 1. निविदा में सम्मिलित दरें सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2. कार्य विवरण एवं सामाग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सामाग्री की आपुर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त की जायेगी तथा सामाग्री कार्यस्थल पहुँचाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म का होगा। 3. जमानत धनराशि व अन्य जानकारी प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क कर सकतें है। खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी। 4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 5. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–मुबारकपुर**
**वि0 खंड–करमा**
**जनपद–सोनभद्र**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत–मुबारकपुर**
**वि0 खंड–करमा**
**जनपद–सोनभद्र**

**कार्यालय ग्राम पंचायत–कम्हरियां**
**विकास खण्ड–करमा, जनपद सोनभद्र**

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **कम्हरियां** में वित्तीय वर्ष 2023–2024 में बी०आर०जी०एफ०/जिला योजना अन्तर्गत/स्वछ भारत मिशन क अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य/मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त एवं अन्य प्राप्त निधियों द्वारा धनराशि से निमार्ण कराये जाने हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यस्थल पर सामाग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 28.04.2023 तक 10 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकतें है। जिसे दिनांक–28.04.2023 को ही 12 बजे समिति टेण्डर दाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष खोला जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ईट प्रथम श्रेणी एवं द्वितिय श्रेणी | प्रति हजार |
| 2. | इण्टरलाकिंग ईट | प्रतिनग |
| 3. | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति धनमीटर |
| 4. | मोरंग | प्रति धनमीटर |
| 5. | सीमेन्ट | प्रतिबोरी |
| 6. | गिट्टी सोलिंग 40–90/40–50/45–90 एन०एम० | धनमीटर |
| 7. | डाला गट्टी–सभी साइज प्रति | धनमीटर |
| 8. | सरिया | प्रति कुंतल |
| 9. | हैडपंप/रिबोर सामाग्री | प्रतिनग |
| 10. | जे०सी०बी०/कन्प्रेसर/मेव्चर मशीन | प्रति घण्टा |
| 11. | टैक्टर द्वारा मिट्टी की ढुलाइ | प्रति ट्रैक्टर |
| 12. | बोल्डर ढोका 6.9 इंच | प्रतिनग |
| 13. | ह्यूम पाईप | प्रति धनमीटर |
| 14. | फावड़ा, गोइता, तगाड़ी पन्नी | प्रतिनग |
| 15. | स्ट्रीट लाईट/वायरिंग सामाग्री सोलर लाईट पैनल सहित | प्रतिनग |
| 16. | शौचालय दरवाजा, सीट, पत्थर | प्रतिनग |
| 17. | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर,प्राइमर, डी०पी०सी० पाउडर आदि | प्रतिनग |
| 18. | पानी का टैंकर/समरसेबुल | अदद |
| 19. | लोहे का दरवाजा/एल्मुनियम का दरवाजा | कुंतल अदद |
| 20. | स्टोन ड्रस्ट | प्रति धनमीटर |
| 21. | बिजली वायरिंग से सम्बन्धित सामाग्री | प्रतिनग |
| 22. | रिबोर से सम्बन्धित सामाग्री। | |
| 23. | स्वछता सम्बन्धित किट। | |

**प्रतिबन्ध एवं शर्ते–** 1. निविदा में सम्मिलित दरें सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2. कार्य विवरण एवं सामाग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सामाग्री की आपुर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त की जायेगी तथा सामाग्री कार्यस्थल पहुँचाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म का होगा। 3. जमानत धनराशि व अन्य जानकारी प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क कर सकतें है। खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी। 4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 5. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–कम्हरियां**
**वि0 खंड–करमा**
**जनपद–सोनभद्र**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत–कम्हरियां**
**वि0 खंड–करमा**
**जनपद–सोनभद्र**

**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**

सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गर्मियों में बढ़ जाती हैं यूटीआई इंफेक्शन की परेशानी, राहत के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय



गर्मियों की शुरुआत हो चुकी हैं जिसमें शरीर से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ जाता हैं। इन्हीं में से एक परेशानी हैं यूटीआई (यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन) की जो कि मूत्र मार्ग में होने वाला संक्रमण हैं। यह आम संक्रमण है जिसमें यूरीन के दौरान होने वाली जलन के साथ कई समस्याएं शामिल हैं। शोध के अनुसार 50 से 60 प्रतिशत महिलाओं को अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार तो यूरिन इन्फेक्शन होता ही है और पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में यह ज्यादा होता है। गर्मियों के दौरान यह समस्या बहुत परेशान करती हैं और समय रहते इसके उपाय ना किए जाए तो कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों की जानकारी देने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से यूटीआई इंफेक्शन की परेशानी से राहत पाई जा सकती हैं। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

नारियल पानीः स्वादिष्टऔर कूलिंग होने के साथ–साथ नारियल का पानी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। नारियल पानी पीने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस भी बेहतर होता है। वहीं, नारियल का पानी एक मूत्रवर्धक भी है और इसे पीने से बार–बार पेशाब भी होती है, जिससे बैक्टेरिया और इंफेक्शन को मूत्रमार्ग के बाहर निकालने में नारियल पानी मदद करता है।

क्रेनबेरी जूसः इन्फेक्शन इन यूरिन से राहत पाने के लिए क्रेनबेरी या करोंदा जूस लाभकारी हो सकता है। इससे जुड़े शोध में इस बात की जानकारी मिलती है कि क्रेन बेरी जूस का नियमित सेवन करने से यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से राहत मिल सकती है। दरअसल, इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड यूरिन इन्फेक्शन पैदा करने वाले बैक्टीरिया को संक्रमण फैलाने से रोकने में मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि यूरिन इन्फेक्शन का घरेलू उपचार करोंदे के जूस की मदद से किया जा सकता है।

नींबू पानीः हाइड्रेटिंग ड्रिंक होने के अलावा नींबू पानी पीने से यूटीआई जैसी समस्याओं से आराम भी मिलता है। इसी तरह नींबू में विटामिन सी भी पाया जाता है, जो शरीर में जमा टॉक्सिंस और बैक्टेरिया को खत्म करता है। इसीलिए, पेशाब करते समय होने वाली समस्याओं से आराम पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं।

बेकिंग सोडाः बेकिंग सोडा एल्कलाइन होता है, जिससे मूत्र में एसिडिटी के स्तर को कम करने में मदद मिलती है जिससे पेशाब करते समय कुछ हद तक असुविधा होती है। बेकिंग सोडा के 1 चम्मच को 8 औंस पानी में मिलाएं। सोडा पूरी तरह से घुलने तक मिश्रण को हिलाएं। इसे रोज सुबह एक हफ्ते तक पिएं। इस दौरान नमक कम रखें क्योंकि बेकिंग सोडा सोडियम से भरपूर होता है।

जौ का पानीः जौ के पानी को मूत्र पथ के संक्रमण सहित कई स्वास्थ्य रोगों के इलाज के लिए जाना जाता है। आपको बस एक पैन में जौ को भूरा होने तक भूनना है। ठंडा होने के बाद, उन्हें एक महीन पाउडर में पीस लें। तीन चम्मच पाउड और दो चम्मच शहद को एक गिलास ठंडा पानी में मिक्स करके पियें।

प्रोबायोटिक्स खाएंः यूटीआई के घरेलू इलाज में प्रोबायोटिक्स को सबसे सटीक इलाज माना गया है। लाभदायक बैक्टीरिया को प्रोबायोटिक्स कहते हैं। ये प्रोबायोटिक्स यूरिनरी ट्रैक्ट को नुकसानदायक बैक्टीरिया से बचाता है। प्रोबायोटिक्स का सेवन करने से लैक्टोबेसिलस की मात्रा में इजाफा होता है। जो मूत्र में हाइड्रोजन परॉक्साइड बनाता है, जो खुद में एक एंटीबैक्टीरियल का काम करता है।

टी ट्री ऑयलः टी ट्री ऑयल की मदद से भी यूरिन इन्फेक्शन का घरेलू उपचार किया जा सकता है। बता दें कि टी ट्री ऑयल एंटी–बैक्टीरियल गुण से समृद्ध होते हैं, जो मूत्राशय संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया के खिलाफ प्रभावी हो सकते हैं। इस बात की पुष्टि मूत्र संक्रमण से संबंधित घरेलू उपायों से जुड़े एक शोध से होती है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि यूरिन इन्फेक्शन के घरेलू उपाय के लिए टी ट्री ऑयल बेहद लाभकारी हो सकता है।

बरगद के पेड़ की छालः बरगद के पेड़ की छाल मूत्र पथ के संक्रमण जैसे ट्राइकोमोनीस, योनिशोथ और श्रोणि सूजन संक्रमण के उपचार में मदद कर सकती है। आमतौर पर, बरगद के पेड़ की छाल को कैप्सूल या अर्क के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है और इसलिए यूटीआई के दर्दनाक लक्षणों से राहत देता है।

## स्टारप्लस ने किया अपने नए शो तितली का ऐलान, एक्ट्रेस नेहा सोलंकी को करेंगे लॉन्च

स्टारप्लस अपने दर्शकों के लिए लेकर आया है एक अलग और पहले कभी न देखी गई लव स्टोरी जिसका नाम है तितली। इस शो के साथ दर्शकों को स्क्रीन पर जबरदस्त इमोशन्स के बीच



एक परफेक्ट ओवरलैप देखने को मिलेगा। इसी के साथ वो एक नए टैलेंट को भी मौका देने वाले हैं। तितली के साथ स्टारप्लस ने एक बार फिर एक और टैलेंटेड एक्ट्रेस– नेहा सोलंकी को लॉन्च करने की पुष्टि की है। नेहा तितली की शीर्षक भूमिका निभाती नजर आएंगी। दर्शक इस किरदार के अलग–अलग रंग देखेंगे, जिसमें एक महत्वाकांक्षी युवा महिला से लेकर भावनात्मक रूप से कमजोर होने तक, सब शामिल है। तितली शो एक ट्विस्टेड लव स्टोरी है जहां तितली नाम की एक खुशमिजाज और जीवंत लड़की अपने आइडियल पार्टनर को खोजने और उसके साथ एक फेयरीटेल लाइफ जीने की तलाश में है। लेकिन क्या वह हमेशा के लिए खुश रहेंगी? नेहा सोलंकी इससे पहले जी टीवी के सेठजी और स्टार भारत के शो मायावी मलिंग में नजर आ चुकी हैं। वहीं स्टार प्लस अपने इस शो के साथ दर्शकों के लिए एक ट्विस्टेड लव–स्टोरी लाकर भारतीय टेलीविजन में एक नई छलांग लगाने वाला है जिससे उसका लेवल और बढ़ा जाएगा, जिसे पहले कभी टेलीविजन पर नहीं देखा गया है। तितली का निर्माण स्टोरी स्क्वायर प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है। स्टार प्लस फिलहाल अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, तेरी मेरी डोरियां, इमली, चाशनी और फालतू जैसे शोज के साथ दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है, जो कैरेक्टर एम्पावरमेंट पर फोकस करता है। तितली के साथ, स्टार प्लस का यही इरादा है और साथ ही अपने दर्शकों के लिए स्टोरीटेलिंग के एक अनोखे तरीके के साथ आगे बढने की कोशिश भी है।






## किसी का भाई... की एडवांस टिकट बुकिंग शुरू, सलमान खान ने साझा किया नया पोस्टर




सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान की रिलीज तारीख बेहद करीब है। इस फिल्म का दर्शक ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। किसी का भाई... 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब मंगलवार को सलमान ने प्रशंसकों को जानकारी दी है कि फिल्म की एडवांस टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। इसके साथ उन्होंने किसी की भाई... का नया पोस्टर भी साझा किया है, जिसमें वह वेंकटेश दग्गुबाती संग नजर आए।

पोस्टर साझा करते हुए सलमान ने कैप्शन में लिखा, किसी का भाई किसी की जान की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। अपनी टिकट बुक कराएं। 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में मुलाकात होगी। फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी किसी का भाई किसी की जान में भूमिका चावला, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, विनाली भटनागर, शहनाज गिल और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। इस फिल्म में पहली बार सलमान की जोड़ी पूजा हेगड़े के साथ बनी है। किसी का भाई... की एडवांस टिकट बुकिंग भारत में आज (17 अप्रैल) से शुरू हो गई है। हालांकि, बुकिंग बहुत सीमित स्थानों पर कल शाम से शुरू हो चुकी है, जिसमें मुंबई का मशहूर सिंगल–स्क्रीन सिनेमाघर गेयटी भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, केवल एक घंटे के अंदर ही फिल्म की टिकट शनिवार और रविवार के शो के लिए तेजी से बुक होने लगी। गेयटी में किसी का भाई... के 4 में से 3 शो लगभग फुल हो गए हैं।


## असीस कौर का नया ट्रैक आई डोंट गिव ए डैम एटीट्यूड पर आधारित

मशहूर गायिका असीस कौर ने अपने नए ट्रैक आई डोंट गिव ए डैम के बारे में बात की है, जो उन महिलाओं के बारे में है जो बोल्ड हैं और पुराने जमाने के सामाजिक मानदंडों और रीति–रिवाजों




से डरती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैक उन महिलाओं के बारे में है जो दूसरों की सोच की परवाह नहीं करती हैं और अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीती हैं। म्यूजिक वीडियो में असीस को एक नए अवतार में दिखाया गया है, वह अभिनेता और कॉमेडियन आदर मलिक के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं।शेरशाह के रातां लम्बियां, सिम्बा के तेरे बिन, कपूर एंड संस के बोलना जैसे गानों से लोकप्रिय हुईं असीस ने कहा, आई डोंट गिव ए डैम के लिए अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में बहुत मजा आया! कुमार सर, गोल्डी, बुर्राह और आदर ने गाने को सही मायने में एक संपूर्ण पैकेज बना दिया है। हम सभी ने इस गाने पर एक साल से अधिक समय तक बहुत मेहनत की है और मैं इसे सबके साथ साझा करने के लिए बहुत उत्साहित और नर्वस हूं।आदर बताते हैं कि वह गीत का हिस्सा बनने और असीस के साथ काम करने के बारे में कैसा महसूस करते हैंरू मैं आई डोंट गिव ए डैम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह गीत ब्रेक–अप पर एक हल्का–फुल्का रूप है और असीस कौर और बुर्राह ने गायन के साथ अविश्वसनीय काम किया है और उनके साथ काम करना खुशी की बात थी।विजय अनिल गांगुली द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ किया गया, संगीत वीडियो कुमार द्वारा लिखा गया है और गोल्डी सोहेल द्वारा रचित है। गाने को असीस और बुर्राह ने गाया है।

## जीभ का रंग बता सकता है स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं, जानिए कैसे



क्या आप जानते हैं कि आपकी जीभ आपके स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ बता सकती है? जी हां, यह सच है। वैसे तो एक स्वस्थ जीभ पतली सफेद कोटिंग के साथ गुलाबी रंग की होती है, लेकिन पोषक तत्वों की कमी से लेकर संक्रमण और गंभीर बीमारियों तक, ऐसी कई चीजें हैं, जिसके कारण जीभ का रंग बदल जाता है। आइए आज हम आपको जीभ से जुड़े स्वास्थ्य समस्याएं बताते हैं।

लाल जीभ

अगर आपकी जीभ का रंग लाल है तो इसका मतलब है कि शरीर में अत्यधिक गर्मी और डिहाइड्रेशन की समस्या है। इससे मुंह सूखने और मुंह के छालों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा विटामिन बी 12 की कमी से जीभ लाल और बार–बार मुंह के छाले हो सकते हैं, जो एनीमिया होने का संकेत भी हो सकते हैं। मुंह के छालों से छुटकारा पाने के लिए इन घरेलू नुस्खे को अपनाएं।

सफेद धब्बेदार जीभ

अगर जीभ पर क्रीमी सफेद रंग के धब्बे हैं तो थ्रश की समस्या हो सकती है। यह एक तरह का फंगल संक्रमण है, जो कुछ दवाएं लेने के बाद हो सकता है। वहीं अगर जीभ पर छोटे और सफेद धब्बे हैं तो यह लाइकेन प्लेनस का संकेत दे सकता है। इसके अलावा अगर जीभ पर सख्त और सफेद–ग्रे धब्बे हैं, जिन्हें हटाया नहीं जा सकता है तो यह ल्यूकोप्लाकिया हो सकता है, जो कैंसर से जुड़ा हुआ है।

चिकनी जीभ

आयरन, फोलिक एसिड या विटामिन बी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी से चिकनी जीभ हो सकती है। इसके अलावा आपकी जीभ संक्रमण, सीलिएक रोग या कुछ दवाओं के कारण भी चिकनी हो सकती है। वहीं अगर असमतल भागों के पास समतल भाग है तो आपकी जियोग्राफिक जीभ हो सकती है, जो आमतौर पर हानिकारक नहीं होता है। हालांकि, इससे आपको कभी–कभी कुछ असुविधा महसूस हो सकती है।

जलन महसूस होने वाली जीभ

अगर आप अपनी जीभ पर जलन या चुभन जैसा महसूस करते हैं तो यह टूथपेस्ट या हार्मोनल बदलाव के कारण हो सकता है। दरअसल, टूथपेस्ट में मौजूद सोडियम लॉरिल सल्फेट (स्रुस) जैसी सामग्री के कारण जीभ पर जलन महसूस हो सकती है। इसके अलावा पोस्टमेनोपॉजल महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण भी जलन महसूस हो सकती है। यह समस्या मुंह के सूखने, संक्रमण और मधुमेह जैसे अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी हो सकता है ।

काले धब्बे वाली जीभः काली और बालों वाली जीभ होना भले ही एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं है, लेकिन यह बैक्टीरिया के विकास का संकेत हो सकती है। इससे संक्रमण, सांस की बदबू और स्वाद में बदलाव हो सकता है। इस तरह की जीभ धूम्रपान, ब्लैक टी या कॉफी का अत्यधिक सेवन, खराब मुंह का स्वास्थ्य और लंबे समय तक एंटी–बायोटिक के इस्तेमाल से हो सकती है। मुंह के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए ऑयल पुलिंग एक अच्छा तरीका है।